


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 269/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 10 मई 2024 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in




प्रधानमंत्री मोदी बोले

## सिल्क रूट की तरह गेम चेंजर होगा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) रेशम मार्ग (सिल्क रूट) की तरह एक बड़ा गेम चेंजर साबित होगा। आईएमईसी के लिए पिछले साल भारत की मेजबानी में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन के दौरान एक समझौता हुआ था।

एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने आईएमईसी को लेकर कहा, खाड़ी देशों ने सकारात्मक भूमिका निभाई है। अमेरिका और यूरोप ने भी इस पर भारत का समर्थन किया है। G20 में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के हाथ मिलाने की तस्वीरों ने विश्व स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं। उन्होंने कहा, जब हम वैश्विक भलाई के लिए काम करते हैं, तो कोई अगर-मगर की बात नहीं होती। आप दुनिया को अपने साथ ले सकते हैं और मेरी यही कोशिश थी। आप मुझे बताएं कि G8 और G20 का जन्म कैसे हुआ। जिन मुद्दों के लिए इनका गठन किया गया है, हमें उन मुद्दों से कभी भटकना नहीं चाहिए। मैंने हर किसी को आश्वस्त किया। कुछ लोगों के साथ मुझे निजी तौर पर बात करने की जरूरत थी। मैंने वैसा ही किया। दूसरी बात, मेरा इरादा ये था कि



मैं आखिरी सत्र में प्रस्ताव नहीं लाऊंगा। मैं इसे इतनी जल्दी करूंगा कि लोग हैरान हो जाएंगे। इसलिए मैंने दूसरे दिन की घोषणा का काम पहले दिन ही पूरा कर लिया। यह मेरी रणनीति थी और वह रणनीति काम कर गई।

बाइडन और मोहम्मद बिन सलमान के हाथ मिलाने के सवाल पर पीएम मोदी ने कहा कि उनकी दोनों नेताओं से मित्रता है। उन्होंने कहा, हमने आईएमईसी पर काम किया है, जो सिल्क रूट की तरह एक बड़ा गेम चेंजर होने जा रहा है। खाड़ी देशों की सकारात्मक और सक्रिय भूमिका थी। भारत को अच्छी भूमिका निभाने का मौका मिला। अमेरिका और यूरोप हमारे साथ थे। सभी ने सोचा कि एक ठोस और सकारात्मक परिणाम होगा। इसलिए हम उस पर मिलते थे। पीएम ने आगे कहा, इसलिए सऊदी किंग और राष्ट्रपति बाइडन को एक साथ लाने का अवसर था और मेरी दोनों के साथ अच्छी दोस्ती है। पिछले साल सितंबर में नई दिल्ली में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी के लिए भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

## मोदी आज तीन राज्यों में करेंगे चुनावी रैलियां

देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। अब तक तीन चरणों के दौरान कई प्रदेशों में मतदान हो गए हैं और अभी आगे कई राज्यों में कराए जाने हैं। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को होने वाले मतदान से पहले राजनीतिक दलों ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। वोटरों को लामबंद करने के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं और विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी का दौर जारी है।

**मोदी हैं तो देश सुरक्षित है : पीयूष गोयल**- केंद्रीय मंत्री और मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल ने कहा, यहां लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है...आज पूरे देश ने मन बना लिया है कि मोदी हैं तो देश सुरक्षित है और विकसित बनेगा... मुझे लगता है कि इस चुनाव में एनडीए 400 पार सीटें जीतेगी...

**कांग्रेस ने चुनाव में झूठ की फैक्ट्री खोली**- प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के नंदुरबार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस जानती है कि वे विकास में मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते इसलिए उन्होंने इस चुनाव में झूठ की फैक्ट्री खोली है और झूठ फैलाकर वे वोट लेना चाहते हैं। कभी आरक्षण को लेकर झूठ तो कभी संविधान को लेकर झूठ बोलते हैं... आरक्षण पर कांग्रेस का हाल चोर मचाए शोर वाला है।

सांध्यप्रकाश विशेष

## घोड़े पर सवार होकर निकले कलेक्टर - SP, निर्भीक होकर मतदान करने का दिया संदेश



**उज्जैन।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को भयमुक्त और स्वतंत्र होकर मतदान करने को लेकर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ी नीरज कुमार सिंह तथा एसपी प्रदीप शर्मा ने सीआरपीएफ जवानों की टुकड़ी, विभिन्न बलों और पुलिस के जवानों के साथ गुरुवार रात्रि को उज्जैन शहर में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों को भयमुक्त निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त मतदान करने का आह्वान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह और एसपी श्री शर्मा ने फ्लैग मार्च के दौरान मतदाताओं से 13 मई को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। चुनाव आयोग के सी-विजिल ऐप पर चुनाव में प्रतिबंधात्मक सामग्री का उपयोग एवं आचार संहिता संबंधी प्रकरणों की जानकारी आमजन दे सकते हैं।

इस दौरान एसपी श्री शर्मा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी और भयमुक्त रूप से हो इसके लिए पुलिस की ओर से आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च के माध्यम से मतदाताओं को निर्भीकता के साथ मतदान करने के लिए आश्वस्त किया जा रहा है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जयंत सिंह राठौर सहित अन्य अधिकारी विभिन्न बलों और पुलिस के जवान उपस्थित रहे।

फ्लैग मार्च हरिफाटक चौराहा ब्रिज के नीचे CR (प्रारम्भ होकर हरिफाटक टी, इंदौरगेट,दौलतगंज चौराहा (कंपनी मालीपुरा, देवासगेट चौराहा,चामुण्डा सरवन बव चौराहा- प्रेम छाया परिसर बहादुर एसी) गंज- नईसडक, दौलतगंज चौराहा- तोपखाना- नलिया बाखल- बेगमबाग चौराहा पर समाप्त हुआ।

## चार धाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी, कल से खुलेंगे केदारनाथ गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट

**नई दिल्ली।** चार धाम यात्रा का मन बना रहे श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर सामने आ रही है। सर्दियों के मौसम से बंद उत्तराखंड स्थित केदारनाथ मंदिर, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट शुक्रवार यानी 10 मई से खुलने जा रहे हैं। भक्तों के लिए केदारनाथ मंदिर और यमुनोत्री धाम मंदिर के दरवाजे सुबह सात बजे खुलेंगे, जबकि गंगोत्री मंदिर के कपाट भी दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर खोल दिए जाएंगे। वहीं, बद्रीनाथ के कपाट खुलने के लिए श्रद्धालुओं को थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार 12 मई को सुबह 6 बजे खोले जाएंगे।



बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर कमिटी के मीडिया प्रभारी हरीश गौर ने बताया कि इस शुभ मौके को खास बनाने के लिए केदारनाथ मंदिर को 2 हजार किलो फूलों से सजाया गया है। हरीश गौर ने आगे कहा कि बाबा केदार की पंचमुखी मूर्ति, जिसे उनके शीतकालीन निवास उखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर से केदारनाथ लाया जाता है वह गौरीकुंड से निकल गई है, जो केदारनाथ वापसी के रास्ते का अंतिम पड़ाव है। पहुंचने पर विस्तृत अनुष्ठानों के बीच इसे मंदिर के अंदर फिर से स्थापित किया जाएगा।

### कैसे उखीमठ से लाई जाती है बाबा केदार की पंचमुखी मूर्ति

हरीश गौर ने आगे बताया कि हर साल उखीमठ से केदारनाथ तक बाबा केदार की पंचमुखी मूर्ति को नंगे पांव लाया जाता है। इस प्रक्रिया को देखने के लिए सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी भक्त उत्तराखंड पहुंचते हैं। मालूम हो कि 9 मई से चार धाम यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। गुरुवार को उत्तराखंड की गंगा नगरी ऋषिकेश से 135 गाड़ियों में सवार चार हजार पचास श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान वहां पहुंचे उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि इस साल चारधाम यात्रा पर श्रद्धालुओं की भारी संख्या पहुंचने की आशा है, जो एक रिकॉर्ड भी बना सकती है।





मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कल देवास चुनाव प्रचार पर थे... रोड शो के बाद रात को मुख्यमंत्री आमजन से मिले.... मुख्यमंत्री ने देवास की प्रसिद्ध कुल्फी की दुकान पर कार्यकर्ताओं के साथ कुल्फी का आनंद लिया....इस दौरान कार्यकर्ताओं और आमजन मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी और फोटो लेने के लिए उमड़ पड़े।

## बैतूल लोकसभा सीट पर दोबारा मतदान, चार बूथ पर सुबह से लगी लाइनें



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के बैतूल संसदीय क्षेत्र में आज पुनः मतदान हो रहा है। इलाके के मुलताई विधानसभा क्षेत्र के चार मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से वोटिंग हो रही है। इनमें मतदान केंद्र 275 शासकीय हाईस्कूल रजापुर, कुंडा रैय्यत में शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भवन, 276 डूडर रैय्यत में राजकीय एकीकृत उच्च विद्यालय और 280 चिखलीमाल शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में मतदान प्रक्रिया जारी है। सुबह सात बजे से यहां मतदाताओं की लाइनें लगी हुई हैं।

## केबिन क्रू से समझौते के बाद सामान्य हो रहा परिचालन, दो दिनों में स्थिति ठीक होने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के परिचालन में शुक्रवार को धीरे-धीरे सुधार शुरू हो गया क्योंकि चालक दल के सदस्य काम पर लौटने लगे हैं। मंगलवार रात से चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग की हड़ताल के कारण 170 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई थीं। एयरलाइन ने पहले छुट्टी पर गए 25 चालक दल के सदस्यों को टर्मिनेशन लेटर जारी किया फिर बातचीत के बाद उन्हें वापस ले लिया गया।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन रोजाना करीब 380 उड़ानों का परिचालन करती है लेकिन केबिन क्रू सदस्यों के अचानक छुट्टी पर चले जाने से उसे अपना परिचालन कम करना पड़ा। एयरलाइन के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा था कि अगले दो दिन में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। अधिकारी ने बताया कि सामुहिक छुट्टी पर गए चालक दल के सदस्य काम पर वापस लौट रहे हैं और एयरलाइन उन्हें फिटनेस प्रमाणपत्र हासिल करने में मदद कर रही है, जिसकी ड्यूटी पर लौटने के लिए जरूरत होती है।







## परशुराम जयंती पर गुफा मंदिर पहुंचे कई नेता

आराध्य देव परशुराम जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, भाजपा उम्मीदवार आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा , कैलाश मिश्रा, गिरीश शर्मा, जगदीश यादव पहुंचे । सभी ने गुफामंदिर के महंत के साथ पूजा अर्चना कर अर्शीवाद लिया।

## पूर्व जजों का पीएम मोदी और राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव पर खुली बहस का न्योता

**नई दिल्ली।** एक वरिष्ठ पत्रकार और दो पूर्व न्यायाधीशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मौजूदा लोकसभा चुनाव पर सार्वजनिक बहस में भाग लेने के लिए पत्र लिखा है। द हिंदू अखबार के पूर्व संपादक एन राम, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन लोकुर और दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एपी शाह ने दोनों नेताओं से गैर-व्यावसायिक और गैर-पक्षपातपूर्ण मंच पर सार्वजनिक बहस में भाग लेने का आग्रह किया।

पत्र में कहा गया है, इस तरह की सार्वजनिक बहस न केवल जनता को शिक्षित करके, बल्कि एक स्वस्थ और जीवंत लोकतंत्र की सच्ची छवि पेश करने में भी एक बड़ी मिसाल कायम करेगी। तीनों ने मोदी और राहुल गांधी से आग्रह किया कि यदि उनमें से कोई भी भाग लेने के लिए उपलब्ध नहीं है तो बहस के लिए एक प्रतिनिधि को





नामित करें। पत्र में कहा गया कि आपने विभिन्न क्षमताओं के जरिए देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाया है। हम आपके पास एक ऐसे प्रस्ताव के साथ आ रहे हैं, जिसके बारे में हमारा मानना है कि यह पक्षपातपूर्ण नहीं है और प्रत्येक नागरिक के व्यापक हित में है। 18वीं लोकसभा का आम चुनाव अपने मध्य बिंदु पर पहुंच चुका है। पत्र में कहा है कि रैलियों और सार्वजनिक संबोधनों के दौरान सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस दोनों के सदस्यों ने हमारे संवैधानिक लोकतंत्र के मूल से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे हैं। प्रधानमंत्री ने आरक्षण, आर्टिकल 370 और धन पुनर्वितरण पर कांग्रेस को सार्वजनिक रूप से चुनौती दी है। पूर्व जजों ने कहा है किकांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संविधान, चुनावी बॉन्ड योजना और चीन के प्रति सरकार की प्रतिक्रिया पर प्रधानमंत्री से सवाल किया है।

### पद पर रहते हुए अति सक्रिय थे दोनों जज

जस्टिस मदन बी लोकुर सुप्रीम कोर्ट के उन चार जजों में शामिल थे जिन्होंने पद पर रहते हुए देश के तत्कालीन चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा के खिलाफ सार्वजनिक रूप से प्रेस वार्ता कर सनसनीखेज आरोप लगाए थे। यह इन जजों का अभूतपूर्व फैसला था क्योंकि इस प्रेस वार्ता से सुप्रीम कोर्ट में जजों के बीच की खाई पूरे देश के सामने आ गई थी। इन जजों का आरोप था कि चीफ जस्टिस दूरगामी महत्व वाले केसों की सुनवाई कुछ चुनिंदा पीठों को ही सौंप रहे हैं। वहीं, मद्रास और दिल्ली उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश रहे एपी शाह को उनके कार्यकाल के दौरान भी एक्टिविस्ट जज माना जाता था।

## साईड वर्ज के हरित क्षेत्र में श्वान को घुमाने पर कराया स्पॉट फाईन

# सार्वजनिक स्थलों पर श्वानों से गंदगी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

### निगम आयुक्त ने सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, नाला-नालियों की बेहतर सफाई कराने के दिए निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था व अन्य नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण किया और सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, नाला-नालियों आदि की बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने, कचरा, मलमा उठवाने तथा गंदगीयुक्त खाली प्लाटों के भूस्वामियों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने पारस हेमिटेज के पास साईड वर्ज के हरित क्षेत्र में श्वान को घुमाने व गंदगी कराने पर संबंधित श्वान मालिक के नौकर से अपने समक्ष ही गंदगी साफ करवाई और संबंधित पर 200 रूपये स्पॉट फाईन की कार्यवाही कराई। निरीक्षण के दौरान प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ब्रिजेन्द्र गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने गुरूवार को होशंगाबाद रोड, पारस हेमिटेज, अभिनव होटल मार्ग, जाटखेड़ी नई बस्ती, जाटखेड़ी गांव, वृंदावन गार्डन आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं उद्यानिकी कार्यों का अवलोकन किया। निगम आयुक्त ने अवलोकन के दौरान अभिनव होटल रोड पर खाली प्लाटों पर गंदगी पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की और साफ-सफाई कराने तथा संबंधित भूखण्ड स्वामियों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने शहर में गंदगीयुक्त खाली प्लाटों के भवन स्वामियों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही सख्ती से करने और प्लाटों को साफ कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नारायन ने जाटखेड़ी नई बस्ती क्षेत्र में पड़े मलमे एवं कचरे के ढेर को तत्काल उठवाने के भी निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने जाटखेडी गांव के नाले की बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने एवं कचरा, मलमा उठवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नारायन ने वृंदावन गार्डन के पास सेनेक्स मॉल के समीप स्थित नाले की भी बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन के साफ-सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान होशंगाबाद रोड स्थित पारस हेमिटेज के समीप साईड वर्ज के हरित क्षेत्र में एक व्यक्ति श्वान को घुमाता हुआ एवं गंदगी कराता हुआ पाए जाने पर संबंधित श्वान मालिक के नौकर से अपने समक्ष ही गंदगी साफ करवाई और संबंधित पर 200 रुपये के स्पॉट फाईन की कार्यवाही भी करवाई। निगम आयुक्त नारायन ने सार्वजनिक स्थलों पर श्वान घुमाकर गंदगी करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही करने और स्पॉट फाईन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# शहीद हेमू कालानी एज्यूकेशनल सोसाइटी के विद्यालयों में कार्यशाला का आयोजन



### संस्था के उद्देश्य और कार्य लक्ष्य की प्राप्ति से कोई व्यक्ति बड़ा नहीं: डॉ.डालिमा पारवानी

**संत हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालानी एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित विभिन्न स्कूल्स के एडमिन स्टॉफ के लिए बुनियादी कार्यालयीन शिष्टाचार पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ 8 मई 2024 से हुआ। यह सत्र 10 मई तक चलेगा। सत्र में भाग ले रहे प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संत हिरदाराम गर्ल्स स्कूल की प्राचार्या एवं लाइफ स्किल ट्रेनर डॉ. डालिमा पारवानी ने मुख्य वक्ता के रूप अपने गहन अनुभवों को साझा करते हुएए प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

सत्र के प्रथम दिवस पर आपने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से जहाँ कम्युनिकेशन स्किल संवाद कौशल एवं अन्तर्व्यक्ति संबंधों इंटर पर्सनल रिलेशनशिप की दृढ़ता के महत्व पर प्रकाश डालाए वहीं सत्र के दूसरे दिन लीडरशिप क्वालिटी नेतृत्व क्षमता और समूह टीम बिल्डिंग की ताकत को बेहद खूबसूरती से रेखांकित किया। संत हिरदाराम साहिब जी माँ सरस्वती और माँ भारती की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण की पावन परंपरा के साथ शुरू हुआ यह सत्र कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल पैदा कर अधिकतम आउटपुट प्राप्त करने की दिशा में अपना पूर्ण समर्पण और योगदान देने का संदेश प्रदान करने में सफल रहा। सत्र के दौरान व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विशेष जोर देते हुए प्रतिभागियों के मध्य सामूहिक एक्टिविटीज करवाई गई जिसके माध्यम से कार्यक्षेत्र में अधिक उत्पादकता और कार्य में रुचि बनी रह सकेए इसका वातावरण बनाने में मदद मिल सके।

सत्र में सोसाइटी के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उपप्राचार्या मती आशा चंगलानी, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मती अमृता मोटवानी, उपप्राचार्या मती रेखा केवलानी समेत मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल, विद्यासागर पब्लिक स्कूल, चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल, केवलराम चेनराय पब्लिक स्कूल के एडमिन डिपार्टमेंट के सभी कर्मचारीगण मौजूद थे।

### मध्य प्रदेश में अपस्टॉक्स के 80 प्रतिशत उपयोगकर्ता मिलेनियल, समझदारी से निवेश करने की दिशा में सहायक साबित हो रहा है अपस्टॉक्स



**भोपाल।** देश के प्रमुख वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म में से एक अपस्टॉक्स ने खुदरा निवेशकों को सही दिशा में निवेश करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनेक नए कदम उठाए हैं। अपस्टॉक्स का प्रयास है कि अपने उपयोगकर्ताओं को वित्तीय बाजार की जटिलताओं को समझाते हुए पूरे आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ नेविगेट करने में मदद की जाए। अपने शोध के माध्यम से, अपस्टॉक्स ने माना है कि निवेश में कामयाबी हासिल करने से पहले कीयात्रा अक्सर चुनौतियों से भरी होती है - वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री, भ्रामक सलाह, सूचनाओं का ओवरडोज और जटिल शब्दजाल। इससे अक्सर ऐसे निर्णय हो सकते हैं जो किसी व्यक्ति के वित्तीय लक्ष्यों के अनुरूप नहीं हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, उपयोगकर्ता अक्सर म्यूचुअल फंड में निवेश करते समय आवश्यक जोखिम और एक्सपेन्स मीट्रिक पर रिटर्न को प्राथमिकता देते हैं। इस तरह की प्रथाओं के परिणामस्वरूप गलत जानकारी वाले निर्णय होते हैं, जिससे निवेशकों को नुकसान भी होता है और उनके मन में अविश्वास घर करने लगता है। इन चुनौतियों को पहचानते हुए, अपस्टॉक्स ने अपने उपयोगकर्ताओं के लिए जटिलताओं को संभालने की पहल की है। कंपनी बाजार की खिच-खिच (शोर) को कम करना चाहती है और उपयोगकर्ताओं को उनके लिए उपयुक्त उपकरणों में निवेश करके धन बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है। वर्तमान में, अपस्टॉक्स देश भर के टियर 2 और टियर 3 शहरों के अधिकांश ग्राहकों के साथ 1.3 करोड़ से अधिक के कस्टमर बेस को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। विशेष रूप से, मध्य प्रदेश अपस्टॉक्स के ग्राहक आधार में योगदान देने वाली एक प्रेरक शक्ति के रूप में खड़ा है। राज्य के कुल अपस्टॉक्स उपयोगकर्ताओं में से 80 प्रतिशत से अधिक मिलेनियल्स हैं; भोपाल से सबसे अधिक भागीदारी है। अपस्टॉक्स उपयोगकर्ताओं के बीच इम्टिी भागीदारी के मामले में अन्य शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों की बात की जाए, तो इनमें इंदौर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा और जबलपुर के नाम सामने आते हैं। दिलचस्प बात यह है कि अपस्टॉक्स ने देखा है कि राज्य के अधिकांश उपयोगकर्ता एफएंडओ और इंट्राडे ट्रेडिंग की तुलना में इम्टिी डिलीवरी पसंद करते हैं। प्रदेश में अपस्टॉक्स के यूजर बेस का एक बड़ा हिस्सा निजी क्षेत्र के कर्मचारियों और व्यवसाय मालिकों का है।

# बुक लॉन्च : पूर्व मुख्य सचिव परशुराम ने किया प्रबंधन के मंत्र पुस्तक का विमोचन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्य सचिव आर. परशुराम ने 'प्रबंधन के मंत्र' पुस्तक का विमोचन किया। राजधानी के श्यामला हिल्स स्थित होटल लेक व्यू अशोका में गुरुवार को बुक लॉन्च इवेंट का आयोजन किया गया। 'प्रबंधन के मंत्र' की रचना अवधेश कुमार नेमा, पूर्व उप संचालक/संयुक्त संचालक, कृषि विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा की गई है। इसमें उन्होंने अपने लंबे प्रशासनिक कार्यकाल के अनुभवों को शामिल किया है। बुक में 21 अध्याय एवं 312 मैनेजमेंट मंत्र (टिप्स) दिये गए हैं, जिनका उपयोग किसी भी संस्थान के प्रबंधक द्वारा किया जा सकता है। पुस्तक समीक्षा पर अपनी बात रखते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस परशुराम ने कहा कि प्रबंधन के मंत्र पुस्तक में विभागों की नीतियों का लाभ कैसे स्टेक होल्डर्स को मिले इस पर जोर दिया गया है।

पुस्तक के 312वें बिंदु में लिखा है- लोक हित सर्वोपरि। इस बुक में एक शासकीय सेवक की कार्यकाल के प्रबंधन का निचोड़ है। सफलता की कुंजी यह है कि टीम का लीडर अगर जीरो भी बनाएं तो टीम को जीतना है। क्योंकि कोई न कोई तो खेलेगा। अगर आपके साथ 4 लोग कार्य कर रहे हैं तो आप लीडर हैं। इस बुक के हर प्वाइंट में अनुभव छिपा है। यह किताब आपके जीवन की हर एक परिस्थिति में एक रेडिमेड गाइड नहीं एक मैनुअल के जैसे कार्य करेगी। यह पुस्तक सिर्फ सरकारी नौकरी वालों के लिए ही नहीं हर किसी क्षेत्र लिए है। पत्रकारों को योजनाओं के क्रियांव्यन के स्तर पर मैनेज करना बड़ा मुश्किल काम है। क्योंकि उन्हें नेगेटिव स्टोरी लिखने में मजा आता है। ऐसे में उनसे पॉजिटिव खबरें कराना टेढ़ी खीर है। कैसे पत्रकारों को सकारात्मक सूचनाएं प्रदान कर खबरें कराई जाएं, इसका उल्लेख लेखक ने इस पुस्तक में किया है। इस मौके पर एसके उपाध्याय, पूर्व संचालक कृषि ने कहा कि प्रबंधन के मंत्र से निश्चित रूप से युवा पीढ़ी को लाभ मिलेगा। नेमा समाज भोपाल के अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा कि अवधेश जी हमारे समाज के स्टार हैं। साथ ही राजीव चौधरी, संचालक कृषि अभियांत्रिकी, पीसी बरगले, पूर्व सीनियर प्रधान वैज्ञानिक सीआईआईए एवं अवधेश कुमार नेमा ने पुस्तक को लेकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम का सफल संचालन सर्च एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसाइटी के डॉ. राजीव जैन ने किया।

# सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही पर ठेकेदार होगा ब्लैक लिस्ट, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को नोटिस





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने बी.आर.टी.एस कॉरीडोर हटाने के पश्चात डिवाइडर, विद्युत खंबे, सिग्नल लगाने व सड़क के व्यवस्थीकरण कार्य का निरीक्षण किया और डिवाइडर निर्माण, विद्युत खंबे व उनके फाउंडेशन बनाने, ट्रॉफिक सिग्नल लगाने एवं सड़क का व्यवस्थीकरण संबंधी कार्यों को मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से करते हुए आगामी 25 मई 2024 तक समस्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने होशंगाबाद रोड पर शनि मंदिर से गोल्डन सिटी जाटखेड़ी तक सड़क के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने एवं निर्देशों का पालन न करने पर सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री आर.के.सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने गुरूवार को आर.आर.एल तिराहे से मिसरोद के आगे तक बी.आर.टी.एस कॉरीडोर को हटाने एवं उसके व्यवस्थीकरण के कार्य का निरीक्षण किया और मिसरोद के आगे तक कॉरीडोर को पूरी तरह हटाने का कार्य पूर्ण होने पर उसका मलमा आदि को तुरंत हटवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने हटाए गए कॉरीडोर के बीचों बीच डिवाइडर निर्माण, विद्युत पोल लगाने हेतु फाउंडेशन एवं ट्रॉफिक सिग्नल लगाने का कार्य मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से करते हुए 25 मई 2024 तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने अधीक्षण यंत्री को प्रतिदिन के कार्यों की प्रगति देखने और निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त नारायन ने होशंगाबाद रोड स्थित शनि मंदिर से गोल्डन सिटी जाटखेड़ी तक जोड़ने वाले मार्ग का अवलोकन किया और निर्माण कार्य संतोष जनक न पाए जाने एवं निर्देशों का पालन न करने पर जोन क्र. 13 के सहायक यंत्री यांत्रिक प्रदीप जड़िया एवं उपयंत्री हबीब उर रहमान को कारण बताओ नोटिस जारी किये और तीन दिवस में उत्तर प्रस्तुत करने तथा उत्तर समाधानकारक न होने पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए निलंबन की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। निगम आयुक्त ने सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण न होने पर संबंधित ठेकेदार प्रतिराज सिंह यादव को ब्लैक लिस्ट करने के भी निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने उक्त मार्ग के किनारों का बोल्डर आदि डालकर समतलीकरण करने व मार्ग को बेहतर बनाने, पेचवर्क करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने जाटखेड़ी तिराहे एवं शनि मंदिर के समीप सड़क को व्यस्थित ढंग से बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

# राहुल गांधी की जड़े भारत में नहीं इटली में हैं: शिवराज सिंह चौहान



### पूर्व मुख्यमंत्री ने खंडवा लोकसभा से पार्टी के उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में मांधाता, पंधाना और नेपानगर में चुनावी सभाएं की

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए लगातार पूरे प्रदेश में दौरा कर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। गुरूवार को पूर्व सीएम ने खंडवा लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में तीन विधानसभा क्षेत्र मांधाता, पंधाना और नेपानगर में चुनावी सभाएं की। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि, मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। मैं भगवान से कभी धन, बल, बुध्दि, विद्या, मुक्ति और स्वर्ग नहीं मांगता हूं, मैं ईश्वर से कहता हूं कि, मुझे तो मरने के बाद बार-बार इसी जनता के बीच पैदा करना ताकि जनता की सेवा कर सकूं। हम राजनीति के माध्यम से किसी पद पर बैठतें हैं तो केवल जनता की सेवा करने के लिए। हम भारतीय जनता पार्टी में दो ही उद्देश्यों से हैं पहला देश की सेवा और दूसरा जनता की सेवा। जब तक सांस चलेगी मैं जनता की सेवा करता रहूंगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि, कांग्रेस के एक नेता सैम पित्रोदा हर दिन पता नहीं क्या-क्या कह रहे हैं। एक बार कहा कि, विरासत टैक्स लगना चाहिए। विरासत टैक्स का मतलब है कि, माता-पिता की मौत के बाद उनकी सम्पत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के खाते में चला जाएगा और 45 प्रतिशत ही उनके बच्चों को मिलेगा। हमारे भारत में तो गरीब, मजदूर भी अपना पेट काट-काटकर अपने बच्चों के लिए कुछ बचा पाते हैं, और कांग्रेस उनसे ये भी छीन लेना चाहती है। अब कांग्रेस और सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि, नॉर्थ ईस्ट के लोग चीनियों जैसे दिखते हैं। दक्षिण के लोग दक्षिण अफ्रीका जैसे लगते हैं। अलग भाषा, अलग भेष फिर भी अपना एक देश। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस भारत का विचार, भारत की धरती, भारत की माटी, भारत की परंपरा, भारत के जीवनमूल्यों को खत्म करना चाहती है, क्योंकि राहुल गांधी की जड़े भारत से नहीं इटली से जुड़ी हुई हैं, वो भारत को जानते ही नहीं हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी का तो तय है कि, जीतने के बाद श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी ही प्रधानमंत्री बनेंगे, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले बताएं कि, आखिर उनका प्रधानमंत्री कौन है। कभी कहते हैं कि, बाद में तय करेंगे, कभी कहते हैं कि, बारी-बारी से बन जाएंगे। कोई नाम तो बताओ कि, धन्नू होगा, कल्लू होगा, पन्ना होगा या जुम्मन होगा। अब गर्मियों में हम मटका खरीददने बाजार जाते हैं तो देखकर लेते हैं कि, कहीं से फूटा तो नहीं है, सब्जियों को भी देखकर लेते हैं कि, कहीं खराब तो नहीं है। तो जब हम प्रधानमंत्री का चुनेंगे तो देखभाल ही चुनेंगे। ये कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कभी भी देश और जनता का भला नहीं कर सकते हैं। देश के विकास और जनता के कल्याण से इनका कोई लेना-देना नहीं है। इसलिए भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जिताना है और नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

**लाड़ली बहना के बाद लखपति दीदी का सफर:** पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैंने बचपन में बेटा-बेटी में भेदभाव होते देखा था, बहनों की दुख-दर्द और तकलीफ देखी थी, तब मन में बहुत पीड़ा होती थी। इसलिए मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई और बेटियों को जन्म से ही लखपति बनाने का काम किया। मुझे कहते हुए गर्व है कि, मध्यप्रदेश की धरती पर आज 50 लाख से ज्यादा लाड़ली लक्ष्मियां है। फिर कन्या विवाह योजना के अंतर्गत लाखों बेटियों की शादी करवाई। स्थानीय निकाय में बहनों को 50 प्रतिशत रिज़र्वेशन दिया। फिर आई लाड़ली बहना योजना, इस योजना ने तो बहनों का जीवन ही बदल दिया। बहनों को मान-सम्मान और आत्मविश्वास बढ़ा दिया लेकिन ये सफर यहीं नहीं रूकने वाला है। अब लखपति बहना का सफर पूरा करना है। लखपति बहना मतलब घर का कामकाज करते हुए हर बहन की सालाना आय 1 लाख रूपए से ज्यादा हो। स्व-सहायता समूह के माध्यम से मध्यप्रदेश में अभी 15 लाख बहनें लखपति बन चुकी है और मोदी जी ने 3 करोड़ लखपति बहनों का लक्ष्य रखा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने जनता जनार्दन से संवाद करते हुए कहा कि, मैं आपका अपना हूं और जनता ही मेरी भगवान है। जब तक मेरी साँसे चलेंगी, आपके लिए चलेंगी। भारतीय जनता पार्टी ने मुझे बहुत सम्मान दिया है और अब मामा दिल्ली जा रहा है, लेकिन छोड़ूंगा नहीं, दिल्ली से भी आपके लिए आऊंगा। उन्होंने कहा कि, विदिशा में चुनाव हो गए, मामा धूमधाम से जीतने वाले हैं, दिल्ली जाकर भी मैं आप सभी को भूल नहीं सकता, क्योंकि ये जनता ही अपनी साथी है। पूर्व सीएम ने कहा कि, मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि, यहां विधायक और सांसद तो सेवा करेंगे ही और जब जरूरत पड़ेगी मामा शिवराज सिंह भी आपकी सेवा कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

**मोदी जी के नेतृत्व में विश्व गुरू बनेगा भारत:** पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि, मोदी जी ने अद्भुत काम किया है। मोदी जी के नेतृत्व में एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, सम्पन्न और समृध्द भारत का निर्माण हो रहा है। कांग्रेस के जमाने में तो छोटे-छोटे देश हमें डराते थे, लेकिन मोदी जी ने कह दिया कि, हम किसी को छेड़ेंगे नहीं, और हमें किसी ने छेड़ा तो छोड़ेंगे भी नहीं। आज दुनियाभर में भारत का डंका बज रहा है। दुनिया के कोने-कोने में मोदी-मोदी के नारे लग रहे हैं। ये सम्मान केवल मोदी जी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और मोदी जी के तीसरे टर्म में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि, मुझे पूरा विश्वास है कि, मोदी जी के नेतृत्व में ही भारत विश्व गुरू बनेगा और पूरी दुनिया को दिशा दिखाएगा।

**जगह-जगह किया स्वागत:** पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को मध्यप्रदेश की खंडवा लोकसभा के मूंदी, सिंगोट और खकनार में विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व सीएम जहां-जहां भी गए, आमजन ने उनका फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। खासतौर से बहनों ने अपने भैया शिवराज को तिलक लगाकर, आरती उतारकर और सिर पर हाथ रख उन्हें आशीर्वाद दिया। बच्चों और मामा का प्रेम तो देखते ही बनता है, बच्चे शिवराज को देखते ही मामा कहते हुए उनके गले लग जाते हैं। शिवराज भी बच्चों को दुलार करते हैं और उनके सिर पर हाथ रख उन्हें खूब पढ़ने और आगे बढ़ने का आशीर्वाद देते हैं।

# दुर्लभ वन्यप्राणी पेंगोलिन के शिकार एवं तस्करी में दो वर्षों से फरार 2 आरोपी गिरफ्तार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश क्षेत्रीय इकाई जबलपुर, वनमंडल दक्षिण सिवनी, वनमंडल दक्षिण बालाघाट एवं पुलिस थाना लांजी के द्वारा संयुक्त रूप से घेराबंदी कर कचहरी चौक सिवनी से आमिर हुसैन निवासी सिलचर जिला कछार असम एवं अमूल्य मंडल जिला कूच बिहार पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया है।

उक्त आरोपियों के विरूद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के अर्नतगत वनमंडल दक्षिण बालाघाट में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 11614/20 दिनांक 20 सितंबर 2014 वन्यप्राणी पेंगोलिन के शिकार व उसके अवयवों की तस्करी के संबंध में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। विगत 2 वर्षों से उक्त आरोपी फरार थे तथा इसके विरूद्ध माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लांजी जिला बालाघाट द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। जिन्हें स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा पकड़ने के लिये लगातार प्रयास किया जा रहा था। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश को मुखबिर से 8 मई 2014 को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त दोनों आरोपी सिवनी के आसपास मध्यप्रदेश में आये हुये है। संयुक्त दल द्वारा कचहरी चौक के पास घेराबंदी कर उक्त हुलिये अनुसार संदिग्ध व्यक्ति को रोक कर पूछताछ की गई उन्होंने अपना नाम आमिर हुसैन एवं अमूल्य मंडल बताया, जिन्हें गिरफ्तार कर स्थानीय अमले को सौंपा गया। आरोपियों को माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लांजी जिला बालाघाट में पेश किया जावेगा।

इन तस्करों द्वारा पेंगोलिन के स्केल्स मुख्यत: उडीसा, छत्तीसगढ़, आन्ध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश से खरीदे जाते है तथा उसे असम, मिजोरम, मेघालय के व्यापारी को बेचा जाता है जहां व्यापारियों के द्वारा उसे म्यानमांर (बर्मा) होते हुये चीन भेजा जाता है। एसटीएसएफ के द्वारा दुर्लभ प्रजाति वन्यप्राणी पेंगोलिन के अवयवों की तस्करी का अतंर्राज्यीय एवं अतंर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इसमें 197 आरोपियों को देश के 15 राज्यों से गिरफ्तार किया जा चुका है। इंटरपोल द्वारा पेगोंलिन को विश्व में सबसे ज्यादा तस्करी किया जाने वाला स्तनपायी कहा है। वन्यप्राणी पेंगोलिन के अवयवों की तस्करी एशिया एवं अफ्रीका के कई देश से की जाती हैं। इसकी मांग मुख्यत: चीन, म्यामार, थाईलैंड, मलेशिया, हॉगकॉग और वियतनाम आदि देशों में है।

# सी-विजिल एप पर मिली 4 हजार 555 शिकायतें

**सभी शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। नागरिकों से सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। आचार संहिता के 16 मार्च से 9 मई तक सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन की 4 हजार 555 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है।

राजन ने बताया कि मुख्य रूप से ग्वालियर में 525, सागर में 349, दमोह में 306, उज्जैन में 273, मुरैना में 239, राजगढ़ में 198, इंदौर में 211, रीवा में 168, कटनी में 152, खरगौन में 127, सीहोर में 120, भोपाल में 135, छतरपुर में 114, नरसिंहपुर में 110 और सतना जिले में 105 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस प्रकार की शिकायतें मिली हैं।

राजन ने प्रदेश के नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा।

### 100 मिनट में की जाएगी कार्रवाई

राजन ने बताया कि नागरिक को आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के जरिए व्यक्ति राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से लाने-ले जाने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर चुनाव प्रचार सामग्री चस्पा करने, लगाने या दीवार पर चुनावी विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकते हैं।

## डीजल चोरी के आरोप में दो निगम चालकों को नौकरी से निकाला, पुलिस में मामला दर्ज

**भोपाल।** बैरागढ़ स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन में डीजल चोरी की घटना में शामिल दो दैनिक वेतन भोगी चालकों को निगम प्रशासन ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन के आदेशानुसार, मैजिक वाहन और सीवेज सक्शन मशीन से डीजल चुराते हुए पकड़े गए चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। चालक संतोष श्रीवास्तव और अजगर को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक किया गया है और उनके खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। इस घटना का पता चलते ही निगम प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की और दोषी पाए गए चालकों को नौकरी से हटा दिया। इस कदम से निगम की साख में सुधार होने की उम्मीद है और यह अन्य कर्मचारियों के लिए एक सख्त संदेश भी है कि अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में आगे की जांच और कार्रवाई के लिए पुलिस को सूचित किया गया है। निगम ने यह भी सुनिश्चित किया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। निगम आयुक्त ने इस घटना की गंभीरता को समझते हुए त्वरित और उचित कार्रवाई की मांग की थी।

### बागसेवनिया पुलिस ने चोरी के मामले में चार महिलाओं को किया गिरफ्तार

**भोपाल।** बागसेवनिया पुलिस ने दोपहर के समय सूने घरों को निशाना बनाने वाली चार शातिर महिला चोरों को गिरफ्त में लिया है। इन महिलाओं ने चोरी और नकबजनी के दो मामलों में चुराया गया मशरूका भी बरामद किया है। थाना बागसेवनिया में दिनांक 27.03.2024 को एक निर्माणाधीन मकान से बिजली के वायर और सेन्ट्रीग प्लेट चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की गई। दिनांक 01/05/24 को एक अन्य निर्माणाधीन मकान से बिजली के वायर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए और मुखबिर की सूचना पर चार संदेही महिलाओं को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। इस दौरान, उन्होंने दो घटनाओं में चोरी करने की बात स्वीकार की और चोरी का मशरूका बरामद किया गया। ये महिलाएं कबाड़ बीनने के बहाने सूने मकानों की रेकी करती थीं और चोरी की वारदात को अंजाम देती थीं।

### लोक अदालत का आयोजन कल

**भोपाल।** न्याय की पहुंच को सरल और सुलभ बनाने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के संयुक्त प्रयासों से 11 मई 2024 को भोपाल जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। इस अदालत का उद्घाटन सुबह 10:15 बजे होगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटान किया जाएगा। लोक अदालत का महत्व: लोक अदालतें न्यायिक प्रक्रिया को तेजी से और कम लागत में पूरा करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ये अदालतें नागरिकों को उनके मामलों का समाधान शीघ्र और सहजता से प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती हैं।

# विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा में भी इतिहास रचें कार्यकर्ता: डॉ. महेन्द्र सिंह

**लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी ने महू विधानसभा की बैठक को किया**

**महू।** लोकसभा चुनाव के मध्यप्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने महू विधानसभा की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अबकी बार 400 पार का लक्ष्य दिया है। 400 कमल पुष्पों की माला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को सौंपने के लिए मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा को एकतिहासिक बहुमत से चुनाव जीतना जरूरी है। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से ऐतिहासिक बहुमत मिला है। हम सभी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में भी इसी तरह अथक मेहनत कर लोकसभा में ऐतिहासिक बहुमत से चुनाव जीतना है। हमारा बूथ जितना मजबूत होगा, जितना सशक्त होगा उतनी विजयभी ऐतिहासिक मिलेगी। बैठक को प्रदेश महामंत्री व सांसद सुकविता पाटीदार, पूर्व मंत्री व विधायक सुउषा ठाकुर और जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा ने संबोधित किया। लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने महू के उत्तम गार्डन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी एक-एक सांस भारतीय जनता पार्टी के लिए है। हमें लक्ष्य के साथ जनता का दिल भी जीतना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का नारा है अबकी बार 400 पार और देश की जनता का मिजाज भी वही बता रहा है कि हम 400 सीट जीत रहे हैं। डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए अबकी बार 29 सीटें जीतने का नारा है। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से हर बूथ पर 370 नए वोट पार्टी के खाते में जोड़ना है। पन्ना प्रभारी, बूथ प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ संयोजकों को अपने-अपने बूथ पर पूरा फोकस करना होगा। भाजपा ऐतिहासिक बहुमत से मध्यप्रदेश की सभी 29 की 29 लोकसभा सीट जीत रही है। मतदान में बहुत कम समय बचा है, अब हमें इतने कम समय में अपने-अपने बूथ को सशक्त बनाना है, साथ ही हम प्रत्येक बूथ पर शत प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में करने की अपील करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की कल्पना 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, उसे साकार करने के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना हमारी परीक्षा की घड़ी है, जिसमें सभी भाजपा कार्यकर्ता जुटे हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार, महू विधानसभा प्रभारी ओम परसावदिया, पीयूष अग्रवाल सहित सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल कार्यकारिणी, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, बूथ सह प्रभारी, बूथ संयोजक, सरपंच, जनपद सदस्य जिला-जनपद सदस्य सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री मोदी युवा, किसान, गरीब और महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य कर रहे: कैलाश विजयवर्गीय




**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रतलाम विधानसभा के चुनाव कार्यालय में रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण एवं सैलाना विधानसभा की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के लिए और भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता यह चुनाव उस जज्बे के साथ लड़ें, जिस जज्बे से सैनिक देश की सीमाओं पर युद्ध लड़ते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में सिर्फ चार जातियां बताई हैं गरीब, युवा, किसान और महिला। प्रधानमंत्री जी इन चारों जातियों सहित हर समाज वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर 370 नए वोट पार्टी में जोड़कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दें। बैठक को प्रदेश शासन के मंत्री चैतन्य काश्यप ने भी संबोधित किया। प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में रतलाम-झाबुआ संसदीय सीट में भाजपा के ऐतिहासिक विजय में रतलाम जिले की अहम भूमिका होगी।

**जिला निर्वाचन अधिकारी का अभिनव प्रयोग**

## मतदान दलों के लौटने के पहले ही 4500 मतदान कर्मियों के खाते में पहुंचे 45 लाख

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

तीसरे चरण का लोकसभा चुनाव संपन्न करने के लिए सीहोर जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों बुधनी, इछावर और सीहोर में 4 हजार 500 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस चुनाव में सबसे खास बात यह रही कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह के निर्देश पर मतदान दलों के अधिकारी अधिकारी कर्मचारियों को मानदेय 45 लाख रूपये का भुगतान चुनाव संपन्न कराकर वापस आने से पहले ही उनके खाते में कर दिया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने इस अभिनव प्रयोग की सराहना की है। मतदान संपन्न कराकर मतदान दल वापस पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर मतदान सामग्री जमा करने पहुंचने पर अनेक अधिकारी कर्मचारियों ने बताया कि उनके मोबाइल पर मानदेय की राशि पहुंचने के एसएमएस प्राप्त हो गए हैं। श्रीमती प्रतिमा सिंह ठाकुर, श्री राजेश कुमार, श्री अशोक पवार, श्री एम.एल. ऊईके सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारियों ने बताया कि पहली बार इस तरह मतदान समाप्ति के पहले उनके मानदेय का भुगतान मिला है, यह सराहनीय है। इसके लिए उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी तथा निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया है।

## नियंत्रण कक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पॉलीवार लगाई गई डयूटी

**भोपाल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए पुरानी केन्द्रीय जेल परिसर, अरेरा हिल्स स्थित स्थापित ई.व्ही.एम. स्ट्रांगरूम के अवलोकन के लिए आने वाले अभ्यर्थियों, अभिकर्ताओं एवं अधिकारियों के आवागमन संबंधी जानकारी पंजी में संधारित किये जाने के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नियंत्रण कक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पॉलीवार डयूटी तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक के लिये लगाई गई है। उन्होंने बताया कि डयूटी पर लगाये गये अधिकारी का कर्तव्य पर दायित्व होगा कि वह स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्था का पर्यवेक्षण एवं एक रजिस्टर का संधारण करेंगें, अधिकारी जिसमें उनकी डयूटी समय पर घटित उल्लेखनीय घटनाओं का ब्यौरा दर्ज होगा। डयूटी पर लगाये गये अधिकारी अपनी डयूटी कार्यभार ग्रहण कर लें। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## 'एक देश एक कर' के सार्थक परिणाम

-राकेश दुबे

हमारे देश भारत की कर संग्रहण प्रणाली सुधार की दिशा में आगे बढ़ रही है। देश में पहली बार जीएसटी का संग्रहण दो लाख करोड़ रुपये से पार चला गया है। कर विशेषज्ञ इसे कर प्रणाली में सुधार के प्रयासों की सफलता बता रहे हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का भविष्य उसके समृद्ध आर्थिक संसाधनों पर ही निर्भर होता है। भारत के अड़ोस-पड़ोस के कई देशों की अर्थव्यवस्था नियोजन के अभाव, भ्रष्टाचार तथा लोकलुभावन नीतियों के व्यय बोझ से चरमरा गई। इसलिये भारत में वित्तीय संसाधनों को समृद्ध करने के जो प्रयास बेहद जरूरी थे किए गए।

यहां उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जहां देसी गतिविधियों से कर संग्रह में 13.4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, वहीं पिछले अप्रैल के मुकाबले में आयात से होने वाला राजस्व संग्रह भी 8.3 प्रतिशत बढ़ा है।

चालू वित्त वर्ष के पहले ही महीने यानी अप्रैल में सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह पहली बार रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये होना अर्थव्यवस्था के लिये शुभ संकेत है, जबकि दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में फिलहाल मंदी के रुझान नजर आ रहे हैं। यह वृद्धि बीते साल अप्रैल में एकत्र जीएसटी के मुकाबले 12.4 प्रतिशत अधिक है। आर्थिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध तथा गजा में हमास इस्राइल संघर्ष जैसी बाह्य चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह में वृद्धि देश की आर्थिक उन्नति के लिये अच्छा संकेत है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कर प्राप्तियों में बढ़ोतरी के मूल में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के रुझानों का असर है। उल्लेखनीय है कि वृद्धि आयात उपकर में भी हुई है। वैसे एक तथ्य यह भी है कि आम तौर पर किसी भी नये वित्तीय वर्ष में पहले माह अप्रैल में सरकार को सर्वाधिक वस्तु एवं सेवा कर मिलता है। इस वित्त वर्ष के आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रहण से होने वाली आय से अर्थव्यवस्था के स्थायी रुझानों का पता चल सकेगा।

आने वाले महीनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि किन-किन महीनों में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में केंद्रीय जीएसटी में इस बार 27.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ संगृहीत राशि 94,153 करोड़ रुपये रही। दूसरी ओर राज्य जीएसटी संग्रह में आशातीत 25.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस तरह राज्यों की जीएसटी संग्रह राशि 95,138 करोड़ हो गई। यानी राजस्व प्राप्ति की राह में राज्यों की भागीदारी में भी सुधार देखा गया है।

केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार, सिक्किम, मेघालय नगालैंड को छोड़कर सभी राज्यों में इस साल के पहले महीने जीएसटी राजस्व में वृद्धि हुई है। आर्थिक विशेषज्ञ जीएसटी वृद्धि के मूल में उपभोक्ता उत्पादों की ज्यादा खपत का योगदान बता रहे हैं। गर्मी बढ़ने की चिंता में उपभोक्ता बड़े पैमाने पर एसी व फ्रिज आदि खरीदते हैं। बच्चों के शैक्षिक सत्र समापन के चलते बच्चों की छुट्टियों में पर्यटन बढ़ने को भी एक वजह माना जा रहा है। निस्संदेह, लंबी यात्राओं के चलते आर्थिक गतिविधियों में तेजी आती है। वहीं आम चुनावों के चलते चुनाव प्रक्रिया में जुड़े व्यवसायों की आय में हुई वृद्धि की भी इसमें भूमिका हो सकती है।

हमें मानना होगा कि वित्तीय नियामक एजेंसियों की सक्रियता तथा जीएसटी अधिकारियों द्वारा प्रशासनिक सुधारों को प्राथमिकता देने से भी जीएसटी संग्रह में वृद्धि का यह रुझान दिख रहा है। इसमें जहां रिटर्न भरने के लिये सख्ती, फर्जी चालान पर अंकुश, पंजीकरण की अनिवार्यता को लेकर सख्ती से भी वस्तु-सेवा कर संग्रहण में वृद्धि हुई है। विश्वास जताया जा रहा है कि जीएसटी राजस्व में वृद्धि से उत्साहित नई सरकार कर उगाही व्यवस्था में बदलाव के लिये नई पहल कर सकती है। सरकार दावा कर सकती है कि 'एक देश, एक कर' की सोच सार्थक परिणाम लेकर सामने आ रही है। जो इस क्षेत्र में नये सुधारों का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

# पहले धन फिर, सियासी दनादन

सरयूसुत मिश्रा




अचानक राहुल गांधी की तरफ से अडानी-अंबानी का नाम लेना कम कर दिया गया है, तो पीएम नरेंद्र मोदी ने इन दोनों उद्योगपतियों का नाम लेकर राहुल गांधी पर पलटवार कर दिया है..!!

भारत में हमेशा से भामाशाह रहे हैं. सामाजिक और सियासी कामों में भामाशाहों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है. पहले के भामाशाह अब कॉरपोरेट जगत के उद्योगपति हो गए हैं. अब तो इसके लिए कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड बन गए हैं. बिना उद्योग धंधों के कोई भी देश आगे नहीं बढ़ता, बिना उद्योगों के ना तो रोजगार बढ़ता है, ना उत्पादन बढ़ता है और ना ही देश की समृद्धि बढ़ती है.

हर सरकार अपने राज्य की समृद्धि के लिए उद्योगों को बढ़ावा देने में कोई कमी नहीं छोड़ती है. जब ऐसा होता है, कि नीतियों की बजाय उद्योगपतियों को टारगेट किया जाता है, तो देश के वेल्थ क्रिएटर को गाली दी जाती है, तो फिर सियासी लोगों और उद्योगपतियों के रिश्तों पर सवाल खड़े होते हैं.

लोकसभा चुनाव में अडानी अंबानी को सियासी भ्रष्टाचार का आइकॉन बनाया जा रहा है. कांग्रेस, विशेषकर राहुल गांधी कई सालों से अडानी अंबानी को टारगेट करते रहे हैं. चुनाव प्रचार अभियान में भी इन नामों का जिक्र वह करते रहे हैं.

अब अचानक राहुल गांधी की तरफ से अडानी-अंबानी का नाम लेना कम कर दिया गया है, तो पीएम नरेंद्र मोदी ने इन दोनों उद्योगपतियों का नाम लेकर राहुल गांधी पर पलटवार कर दिया है. तेलंगाना की सभा में पीएम मोदी तेलुगु फिल्म ऋऋऋकी सफलता और कलेक्शन की चर्चा करते हुए तेलंगाना के सियासी 'ऋऋऋ' पर हमला किया. बिना नाम लिए सियासी फिल्म ऋऋऋमतलब कि 'रेवंत रेड्डी,राहुल' के कलेक्शन का उल्लेख किया.

पीएम ने यहां तक कहा कि 5 सालों से हर दिन अडानी-अंबानी की माला जपने वाले शहजादे ने अचानक दोनों उद्योगपतियों का नाम लेना क्यों बंद कर दिया? उन्होंने सवाल किया, कि इन उद्योगपतियों से कितना काला धन उठाया है? राहुल गांधी ने इसका जवाब देते हुए कहा ..%काले धन की सरकार जांच कराए%. कांग्रेस की सफाई आई है, कि राहुल तो अपने मुद्दे पर अब भी कायम हैं.

यह सारे बयान सियासी कदमताल और धनादेश से जुड़े हुए हैं. राहुल गांधी जब-जब अडानी-अंबानी का नाम लेते हैं, तब तब उनका डबल स्टैंडर्ड उजागर होता है.

एक तरफ राहुल गांधी अडानी-अंबानी की खिलाफत करते हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस शासित राज्य सरकारों के मुख्यमंत्री दोनों उद्योगपतियों का रेड कारपेट वेलकम करते हैं. तेलंगाना में भी इसी प्रकार से हुआ है. थोड़े दिन पहले ही तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनी है. राहुल गांधी लगातार अडानी-अंबानी का विरोध कर रहे हैं, लेकिन तेलंगाना राज्य में कांग्रेस की सरकार ने इन दोनों उद्योगपतियों को निवेश के लिए न केवल आमंत्रित किया बल्कि दिल खोलकर स्वागत किया.

राज्य सरकार की औद्योगिक नीति का फायदा दिया गया. सब तरह से इन उद्योगपतियों के निवेश को राज्य में सरपट गति दी गई. राहुल गांधी पर पीएम मोदी शायद इसीलिए सवाल खड़े कर रहे हैं, क्योंकि उनकी पार्टी की राज्य सरकार जिन उद्योगपतियों के साथ उद्योग धंधे स्थापित कर रही है, उन्हीं उद्योगपतियों पर वह करप्शन के चार्ज लगाते हैं.

ऐसे हालातो में सवाल पैदा होता है,कि तेलंगाना सहित कांग्रेस शासित राज्यों में इन उद्योगपतियों ने राज्य सरकारों के साथ निवेश के लिए भी वैसे ही हथकंडे अपनाए होंगे, जैसे हथकंडों के आरोप राहुल गांधी लगा रहे हैं. राजनीतिक दलों के धन संग्रह के लिए कॉरपोरेट जगत से मुफीद कोई दूसरा हो नहीं सकता. इलेक्टोरल बॉन्ड में भी यही सामने आया है, कि जिन राज्यों में, जिन दलों की सरकारें हैं, उन दलों को ही अधिकांश बॉन्ड मिले हैं.

इलेक्टोरल बॉन्ड अवैधानिक घोषित होने के बाद लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया में धन का प्रवाह तो नहीं रुका है. काला धन का प्रवाह भी लगातार दिखाई पड़ रहा है. चुनाव आयोग के निर्देशन में एजेंसियां बड़ी मात्रा में नगदी जप्त कर रही हैं. इसके साथ ही चुनावी राज्यों में करप्शन के मामलों में भी छापे पड़ रहे हैं और नोटों के पहाड़ जब्त हो रहे हैं. जो जब्ती हो रही है, वह अपनी जगह है, लेकिन जो पकड़ में नहीं आ रहा है, उसका तो अनुमान ही लगाया जा सकता है.

चुनाव में काले धन का उपयोग कटु सत्य है, जब उपयोग कटु सत्य है, तो फिर पार्टियों के पास काला धन आना भी कटु सत्य है. राहुल गांधी पर सवाल इसलिए खड़े हो रहे हैं, कि वह उद्योगपतियों पर करप्शन को लेकर सवाल खड़े करते हैं, एक तरफ सवाल और दूसरी तरफ उन्ही उद्योगपतियों से धन की उगाही, यह तो राजनीतिक भयादोहन की गंभीर आपत्तिजनक प्रक्रिया प्रतीत होती है.

अडानी-अंबानी पर निजी तौर पर सवाल उठाने की नादानी ना की गई होती, तो शायद पीएम मोदी के सवाल भी इतने प्रभावशाली नहीं होते. कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के उद्योगपतियों पर आरोप और उनकी राज्य सरकारों द्वारा इन उद्योगपतियों के वेलकम के डबल स्टैंडर्ड के कारण ही सवालों को बल मिल रहा है.

पीएम मोदी ने अगर बोला है, तो यह मान कर चलना चाहिए कि उनके पास कोई ना कोई ऐसे तथ्य हैं, जो उनके आरोपों की पुष्टि करते होंगे. जहां तक कांग्रेस का सवाल है, उसकी फंडिंग, उसके अकाउंट और इनकम टैक्स उल्लंघन के मामले पहले से ही चल रहे हैं. राजनीतिक दलों को नगद के रूप में चंदा लेने के लिए नियम निर्धारित है.

कांग्रेस पर आयकर विभाग द्वारा थोपे गए टैक्स की अदालत में लड़ाई चल रही है. आयकर विभाग नियमों का पालन नहीं करने का आरोप लगा रहा है. नियम विरुद्ध धन जुटाने का आरोप लग रहा है. अडानी-अंबानी से काला धन लेने के जो लेटेस्ट आरोप हैं, यह भी आगे चलकर तथ्यों के साथ सामने आ सकते हैं.

उद्योग जगत पर निजी तौर पर हमला करने की प्रवृत्ति हतोत्साहित होना चाहिए, इससे देश की समृद्धि पर ब्रेक लगता है. सरकार की नीतियों की आलोचना होना चाहिए. नीतियों के इंप्लीमेंटेशन में कानूनी खामियों पर सवाल खड़े किए जाना चाहिए, अडानी-अंबानी समूह आज जो भी उद्योग धंधे कर रहे हैं, उन्होंने भारत में जो भी निवेश किया हुआ है, उससे भारत में वेल्थ क्रिएशन बढ़ा है. भारत के उद्योग जगत ने विदेशों में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है.

राहुल गांधी की ओर से अडानी-अंबानी की जो भी आलोचना सामने आती है, उसमें कोई प्रमाण या तथ्यात्मक बात नहीं होती. केवल एनडीए सरकार से जोड़कर उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया जाता है. सार्वजनिक उपक्रमों को बेचने का आरोप लगाया जाता है.

सार्वजनिक उपक्रमों में डिसइन्वेस्टमेंट की स्कीम, कांग्रेस सरकार द्वारा ही लाई गई थी. अर्थव्यवस्था और डिसइनवेस्टमेंट की पॉलिसी के मामले में मोदी सरकार कांग्रेस के ग्लोवलाइजेशन की पॉलिसी का ही कमोबेश अनुपालन कर रही है. उसमें कोई भी बुनियादी फेरबदल करना दिखाई नहीं पड़ता है,जो डिसइनवेस्टमेंट कांग्रेस की सरकारों में सही पाया गया था वही डिसइनवेस्टमेंट इसी पॉलिसी पर मोदी सरकार में कैसे गलत हो जाएगा?

सर्विसेज में क्वालिटी इंप्रूवमेंट के लिए डिसइनवेस्टमेंट के जरिए निजीकरण को प्रोत्साहन कांग्रेस सरकारों की ही नीति रही है. दीपावली पर पटाखे चलाने में जरा सी गलती कई बार खुद का हाथ जला देती है, पटाखा हाथ में फूट जाता है. अडानी-अंबानी का राहुल पटाखा, राहुल गांधी के हाथ में ही फूट गया लगता है. पीएम मोदी ने राहुल गांधी के पांच साल के अडानी-अंबानी जाप को एक हमले से ही धराशायी कर दिया है.

कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज होने के हालात निर्मित होने के अंतिम चरण तक आने में भले ही लंबा समय लगा हो, लेकिन उसकी शुरुआत एक आयकर छापे में कांग्रेस मुख्यालय तक भेजे गए नगद पैसों की जानकारी के साथ हुई थी. अडानी-अंबानी से काला धन लेने के आरोपों की, भले ही अभी शुरुआत हो लेकिन इसकी अंतिम परिणिति कहां पहुंचेगी, इसकी अभी कल्पना नहीं की जा सकती.

जो अस्त्र राहुल गांधी ने चलाया था, उसका मुंह कांग्रेस की तरफ ही मुड़ गया है. जिन उद्योगपतियों को आरोपों के कटघरे में खड़ा किया था, अब उन्ही उद्योगपतियों से अगर कोई धन लिया गया है, तो फिर कांग्रेस की क्रेडिबिलिटी उन्हीं उद्योगपतियों के हाथों में पहुंच गई है. यद्यपि कांग्रेस ने अभी तक इन उद्योगपतियों से काला धन लेने के आरोपों का न तो खारिज किया और न ही खंडन किया है.

जिन उद्योगपतियों को पीएम मोदी का मित्र बताया जाता है. उनकी जानकारी को भी मित्रवत व्यवहार ही स्वीकार करना चाहिए. राहुल गांधी के सियासी मुद्दे जैसे हर बार मिस फायर होते हैं, वैसे हीअडानी-अंबानी का मुद्दा भी मिसफायर होता दिखाई पड़ रहा है!

# चुनाव प्रचार में तल्ख होती राजनेताओं की जुबानी जंग

अरुण पटेल



मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों पर मंगलवार 07 मई 2024 को औसतन लगभग 66 प्रतिशत मतदाताओं ने तीसरे चरण के मतदान में कुछ पूर्व मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों सहित अनेक दिग्गज उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों में कैद कर दिया। उम्मीदवारों में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा ज्योतिरादित्य सिंधिया और पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान एवं दिग्विजयसिंह शामिल हैं। यदि बोलचाल की भाषा में कहा जाए तो राजा, महाराजा तथा मामा का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है और मतदाताओं ने अपना क्या फैसला सुनाया है यह आगामी 4 जून को मतगणना के साथ पता चल सकेगा। तीसरे चरण के मतदान में गुजरात के गिर जंगल के सुदूर क्षेत्र में एक मतदान केंद्र सिर्फ एक वोटर के लिए स्थापित किया गया, वहां महंत हरिदास नामक पुजारी ने मतदान किया। यह मतदान केंद्र जूनागढ़ जिले में बनाया गया था। चुनाव आयोग ने यह मतदान केंद्र यह संदेश देने के लिए शायद बनाया कि एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। एक मतदाता से मतदान कराने के लिए दस लोगों की टीम वहां पहुंची और मतदान कर्मियों को दो दिन की यात्रा करनी पड़ी।

एक ओर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धार व खरगोन में इंडिया गठबंधन पर जमकर शाब्दिक हमला करते हुए कह रहे थे कि नकली सेक्यूलरिज्म के नाम पर भारत की पहचान मिटने नहीं देंगे। 400 सीट जीतने के लिए समर्थन मांगने के संबंध में मोदी ने कहा कि यह इसलिए मांग रहा हूं ताकि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की हर साजिश को रोक सकूं।

उधर बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती जिन पर अक्सर भाजपा के हित साधने और उसके इशारे पर उम्मीदवार उतारने का आरोप लगता रहा है, ने एक और उम्मीदवार को जैसे ही बदला उन पर यह आरोप लगा कि यह वह भाजपा के इशारे पर कर रही हैं। चुनाव अभियान के दौरान मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को नेशनल कोआर्डीनेटर और अपने उत्तराधिकारी के पद से हटा दिया। इसके पीछे उन्होंने वजह यह बताई कि अभी वह पूर्ण परिपक्व नहीं हुए हैं। मायावती ने एक्स पर पोस्ट लिखी कि बीएसपी एक पार्टी के साथ ही बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के आत्म सम्मान व स्वाभिमान तथा सामाजिक परिवर्तन का भी मूवमेंट है जिसके लिए मान्यवर काशीराम व मैंने स्वयं अपनी पूरी जिन्दगी समर्पित की है और इसे गति देने के लिए नई पीढ़ी को भी तैयार किया जा रहा है, जिसमें अन्य लोगों को आगे बढ़ाने के लिए आकाश आनंद को नेशनल कोआर्डीनेटर व अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था किन्तु पार्टी व मूवमेंट के व्यापक हित में पूर्ण परिपक्वता आने तक अभी उन्हें इन दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है। मायावती ने यह भी लिखा कि आकाश आनंद के पिता आनंद कुमार अपनी जिम्मेदारी पहले की तरह निभाते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में सीतापुर पुलिस ने बसपा नेता आकाश आनंद के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की थी क्योंकि आकाश आनंद ने चुनावी रैली करते हुए बीजेपी सरकार की तुलना आतंकवादियों से की थी। इसके बाद ही आकाश आनंद की चुनावी रैलियां भी निरस्त कर दी गई थीं।

तीसरे चरण के मतदान के बीच ही झारखंड राज्य में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरक्षण के मुद्दे को लेकर भाजपा पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि वह तो संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इंडिया गठबंधन पर आदिवासियों के बीच मोदी गरज-बरस रहे थे तो राहुल भी आदिवासियों के बीच ही आरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री के आरोपों का जवाब देते हुए आदिवासी और अदाणी का नाम ले रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस संविधान के लिए आपके बुजुर्गों ने जान दी थी आज उसे भाजपा के लोग खत्म करने में लगे हैं। संविधान से आरक्षण, नौकरी और बच्चों को शिक्षा मिलती है यदि यही मिट जायेगा तो आदिवासी-दलित कहीं के नहीं रहेंगे। राहुल ने आरोप लगाया कि अदाणी की नजर आपकी जमीन, जंगल और जल पर है और नरेन्द्र मोदी अदाणी के लिए काम करते हैं न कि आदिवासियों के लिए तथा दोनों चाहते हैं कि संविधान खत्म हो जाये और उनका राज चले। हम इसे कभी खत्म नहीं होने देंगे और इसके लिए हम जान देने को तैयार हैं। मोदी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की, नई संसद भवन का उद्घाटन किया, देश की राष्ट्रपति आदिवासी हैं इसलिए वे कहीं नजर नहीं आईं, मोदी के दिल में आदिवासियों के लिए कोई जगह नहीं है, अब यह आपको निर्णय करना है कि अदाणी-मोदी की सरकार बनायेंगे या आदिवासी व दलितों की।

## लोकसभा चुनाव के लिए बड़ा संदेश है मध्य प्रदेश का परिणाम

सद्गुरु शरण

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव का परिणाम चार-पांच महीने बाद प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के लिए बड़ा संदेश है। मतदाताओं ने स्पष्ट कर दिया कि जाति-धर्म के आधार पर राजनीति करने वाले दलों को अब इस गंदी प्रवृत्ति से बाज आ जाना चाहिए। मतदाताओं ने सुशासन, राजनीतिक स्थायित्व, विकास और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर मतदान किया। मप्र ओबीसी बहुल राज्य है लेकिन यहां के मतदाताओं ने कांग्रेस के जातिवार गणना के झुनझुने को जिस तरह नकार दिया, उसका प्रभाव लोकसभा चुनाव में बिहार और उत्तर प्रदेश सहित तमाम राज्यों में नजर आएगा। जन कल्याणकारी सुशासन, विकास और राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति मतदाताओं का झुकाव कांग्रेस की रणनीति के लिए बड़ा झटका है।

शिवराज सिंह चौहान यानी मध्य प्रदेश के जगत मामा। खुद भाजपा नेतृत्व नहीं चाहता था कि यह चेहरा चुनाव में ज्यादा चमके। शायद किसी सर्वे में नेतृत्व को यह समझाया गया था कि पिछले करीब 18 वर्षों से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को लेकर जबर्दस्त एंटी-इनकम्बेंसी है। इसे सच मानकर पार्टी ने उन्हें थोड़ा पीछे खींचा। सभा मंचों पर उनकी उपेक्षा की। मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बनाया। मुख्यमंत्री पद के कई अन्य दावेदार मैदान में खड़े कर दिए। इसके बावजूद शिवराज ने हार नहीं मानी।

जब भाजपा और कांग्रेस के नेता बंद कमरों में बैठकर रणनीति बना रहे थे, तब शिवराज मध्य प्रदेश के गांव-गांव जाकर मतदाताओं के पांव पखार रहे थे। लाड़ली बहनों के दुलार में गीत गा रहे थे और उनकी आरती उतार रहे थे। आदिवासियों के बीच नाच रहे थे। झोपड़ियों में जाकर गरीबों के साथ खाना खा रहे थे। औपचारिक चुनाव अभियान से महीनों पहले उन्होंने भोर पांच बजे से देर रात एक बजे तक परिश्रम की दिनचर्या अपनाकर भाजपा को सत्ता में वापस लाने की जो जिद ठानी, वह उसे पूरा करके ही रुके।

यकीनन मध्य प्रदेश के चुनाव परिणाम पर शिवराज सिंह का सर्वाधिक प्रसन्न और संतुष्ट होना लाजिमी है। यह सिर्फ भाजपा की नहीं, शिवराज सिंह के अपने वजूद की भी जीत है। वह यूं भी देश के वरिष्ठतम राजनेताओं में शुमार हैं, इस परिणाम ने उनका कद कई गुना बड़ा कर दिया। इसमें दो राय नहीं कि भाजपा ने मध्य प्रदेश चुनाव को जीने-मरने की वजह मानकर बेहद सुनियोजित ढंग से एक टीम के तौर पर लड़ा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी के चुनाव अभियान को फ्रंट से लीड किया। उनकी इस रणनीति से नेता और कार्यकर्ता संगठित एवं उत्साहित हुए। इसके बावजूद इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि शिवराज सरकार की लाड़ली बहना योजना ही अंततः गेमचेंजर साबित हुई। भाजपा की चुनावी सभाओं में महिलाओं की सपरिवार भागीदारी इसका संकेत दे रही थी। इसके अलावा शिवराज सिंह की सबसे बड़ी सफलता यह रही कि उन्होंने अपनी योजनाओं में समाज के सभी वर्गों के प्रति समभाव रखकर कांग्रेस का जाति-कार्ड नहीं चलने दिया। बिहार में जाति आधारित गणना के बाद मध्य प्रदेश का चुनाव इसका लिटमस टेस्ट था जिसमें यह कार्ड पूरी तरह फ्लाप साबित हो गया।

जाहिर है कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए ओबीसी मुद्दे को ट्रंप कार्ड मान रहा भाजपा विरोधी गठबंधन अब अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने को बाध्य होगा। कहने की बात नहीं कि मिशन-2024 की रणनीति तैयार करते वक्त भाजपा नेतृत्व मध्य प्रदेश माडल को जरूर सामने रखेगा। मध्य प्रदेश के परिणाम ने राजनीति में प्रचलित एंटी-इनकम्बेंसी फैक्टर को भी पुनर्परिभाषित किया है।

अब तक यह प्रचलित धारणा थी कि कार्यकाल की अवधि के साथ एंटी-इनकम्बेंसी फैक्टर विकसित होता है और समय के साथ प्रबल होता जाता है। मध्य प्रदेश ने साबित किया कि एंटी-इनकम्बेंसी का संबंध समयावधि से नहीं, बल्कि कार्यशैली से है। शिवराज सिंह सरकार ने जिस तरह कल्याणकारी शासन चलाया, जाति-धर्म का भेद किए बगैर सभी वंचित वर्गों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया, उससे शिवराज सरकार के प्रति एंटी के बजाय प्रो-इनकम्बेंसी विकसित हुई।

कांग्रेस नेतृत्व इसे समझ पाने में पूरी तरह विफल रहा जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। इसके अलावा मध्य प्रदेश समेत सभी चुनाव वाले राज्यों में राष्ट्रीय मुद्दों ने भी अहम भूमिका निभाई है।

# आबादी जेहाद..

राकेश शर्मा

जबसे प्रधान मंत्री की इकोनॉमिक एडवाइजरी कौंसिल ने 1950 और 2015 के एक समुदाय विशेष के जनसंख्या विस्फोट के आँकड़े जारी किए हैं चुनावी माहौल में एक राजनैतिक पारे ने तूफ़ान को जन्म दे दिया है। हर कोई इन आँकड़ों का अपनी अपनी तरह से आँकलन कर रहा है और अपने फेफड़ों की ताक़त का भरपूर इस्तेमाल कर एक दूसरे की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहा है। ओवेसी जैसे जिनके एजेंडे इस रिपोर्ट के बाद सामने आकर ध्वस्त हो रहें है इसे व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट कहकर ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास कर रहे हैं, मदरसा छाप मौलाना, इस्लामिक स्कॉलर्स , कांग्रेसी और इंडी गठबंधन के प्रवक्ता इसे चुनाव के मध्य में जारी करने के ओचित्य पर ही सवाल उठा रहे है।

इस राजनैतिक विवाद में पड़े बिना हमें इस रिपोर्ट के निष्कर्षों पर गहराई और गंभीरता से विचार करना चाहिए वरना तू तू मैं मैं के शोर में इस महत्वपूर्ण रिपोर्ट से उपजे मुद्दे समाधान निकले बिना ही गौण हो जाएँगे।

इससे पहले की जनसंख्या जेहाद की चर्चा करें हमें इस रिपोर्ट के आँकड़ों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

यह रिपोर्ट 1950 से 2015 के बीच जनसंख्या परिवर्तन की व्याख्या कर रही है।

इन पैंसठ वर्षों में हिंदू आबादी लगभग आठ प्रतिशत कम हुई है। 1950 में यह 84.68 प्रतिशत थी जोकि 2015 में घटकर 78.06 प्रतिशत रह गई, दूसरी तरफ़ इसी कालखंड में मुस्लिम आबादी में 43 प्रतिशत की अप्रत्याशित विस्फोटक वृद्धि हुई है जो 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई है। इसी पीरियड में क्रिश्चियन आबादी में 5.38 प्रतिशत, सिख आबादी में 6.58 प्रतिशत, बुद्धिस्ट आबादी 0.05 प्रतिशत से बढ़कर 0.81 प्रतिशत हो गई जबकि जैन आबादी 0.45 प्रतिशत से घटकर 0.36 प्रतिशत रह गई और पारसी आबादी तो 0.03 प्रतिशत से घटकर 0.004 प्रतिशत रह गई है।

एक समुदाय विशेष के जनसंख्या विस्फोट के जेहाद को हमें स्वतंत्रता के बाद धर्म के आधार पर हुए बँटवारे, ग़ज़वाये हिन्द के नारे और प्रयासों, सुनियोजित धर्मांतरण, और ग़ैरक़ानूनी घुसपैठ को बढ़ावा देकर जनसंख्या के संतुलन के संक्रमण द्वारा जनसांख्यिकिय असंतुलन पैदा करना इत्यादि के परिप्रेक्ष्य में ही देखना होगा।

आपने पढ़ा सुना होगा की पीएफ़आई जो एक प्रतिबंधित संस्था है के सदस्यों के घर जब छापे मारे गये तब उनके घरों से गजवाय हिन्द का जो साहित्य मिला उसके साथ यह भी मिला की 2047 तक यह लोग भारत को इस्लामिस्ट राष्ट्र बनाना चाहते है। इस्लामिस्ट राष्ट्र या उनके कार्यकलापों से कौन अपरिचित है। पाकिस्तान या बांग्लादेश को ही लें ये राष्ट्र अखंड भारत को खंडित कर ही धर्म के आधार पर बने और बँटवारे के समय इन देशों में हिंदू आबादी लगभग बीस बाईस प्रतिशत थी जो अब क्रमशः एक और छह प्रतिशत से कम रह गई है। कहाँ गए सारे हिन्दू ज़मीन खा गई, आकाश निगल गया या समुद्र में समा गये । नहीं जी ऐसा कुछ नहीं हुआ उनका या तो जबरन धर्मांतरण हुआ, मार दिये गये, लव जेहाद के शिकार हुए या देश छोड़ने को मजबूर हो गये। ऐसा ही होता है इस्लामिस्ट राष्ट्र। सोचिए जिस रफ़्तार से मुसलमानों की आबादी का विस्फोट हो रहा है यदि इनके प्लान के अनुसार गजवाय हिन्द हो गया और इस्लामिस्ट राष्ट्र बन गया तो भारत के हिंदू कहाँ जाएँगे , इनके लिए तो कोई देश भी नहीं बचेगा जहां यह शरण ले सकेंगे।

स्थिति भयावह है और इस समस्या का समाधान तुरंत नहीं किया गया तब हिंदुओं की स्थिति वैसे ही हो जाएगी जैसे बिल्ली को आता देख कबूतर आँख बंद कर बैठ जाए और उसे बिल्ली कभी नहीं छोड़ती।

कोई बुरा माने या भला मैं यह कहने में क़तई संकोच नहीं करूँगा की भारत को छद्म धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाने का पाप गांधी और नेहरू ने ही किया । जब धर्म के आधार पर ही बँटवारा हुआ था और पाकिस्तान इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ पाकिस्तान बना तो हमें किस पागल कुत्ते ने काटा था की हम रिपब्लिक ऑफ़ इंडिया बने ना की हिंदू रिपब्लिक ऑफ़ भारत। यदि यह हुआ होता तो आज जिन समस्याओं से हम झूझ रहें हैं नहीं जूझते, कश्मीर से एक ही रात में लाखों हिंदुओं का निष्कासन नहीं होता, मैं चेतावनी देता हूँ की अभी भी कुछ असाधारण नहीं किया गया तो पूरा देश कश्मीर घाटी बन जाएगा। कश्मीरी हिंदुओं को तो देश के विभिन्न राज्यों में शरण मिल गई यदि भारत इस्लामिस्ट राष्ट्र बन गया तो भारत के हिंदू कहाँ जाएँगे । क्या मुग़ल आक्रमणकारियों ने जो जबरन धर्मांतरण किया, मंदिर तोड़े और महिलाओं का अपहरण कर , बलात्कार कर उठा ले गये वही भारत इस्लामिस्ट राष्ट्र बनने के बाद होने का आँख बंद कर हम इंतज़ार कर रहे हैं।

अभी भी जहां जहां मुसलमानों ने आबादी परिवर्तन कर दिया है वहाँ से भाजपा कभी विजयी नहीं होती, कांग्रेस, समाजवादी, तृणमूल कांग्रेस , राष्ट्रीय जनता दल भी तभी तक तुष्टिकरण कर जीतेंगे जब तक इस्लामिस्ट राष्ट्र घोषित नहीं हो जाता और वह सत्ता प्राप्त नहीं कर लेते। एक बार उनका उद्देश्य पूरा हुआ तो इन्हें भी काफिर कहकर बाहर का रास्ता दिखायेंगे। यह इनका इतिहास है। वरना एक नज़र यूरोप, ब्रिटेन या जहां जहां भी ये शरण लेकर गये पर डालें , अपनी आबादी बढ़ाई और उसके बाद उस जगह के चौधरी बन गये। अब उन्हें समझ नहीं आ रहा इनका क्या करें। वहाँ की लोकल आबादी वहाँ अब अल्पसंख्यक होती जा रही है।

मुझे मालूम है भारत के छद्म धर्मनिरपेक्ष हिंदू जमुना गंगा संस्कृति की दुहाई देते हुए मुझसे दुर्व्यवहार करेंगे क्यूँकि वह आज के जयचंद है और सत्ता मोह में तुष्टिकरण से बाज नहीं आ रहे और फिर भुगतेंगे। मैं तो अपनी अल्प बुद्धि से जो आने वाले कुछ वर्षों में होने वाला है उसके प्रति सजग कर रहा हूँ। मैं स्वयं तो यह सब देखने को शायद ज़िंदा भी ना रहूँ लेकिन सभी ने एकजुट होकर इसका समाधान नहीं सोचा तो भुगतना तो सभी को पड़ेगा। दिल्ली में ही मैं कितने इलाक़ों को जानता हूँ जहां हिंदू आबादी नगण्य है, कोई हिंदू को मकान नहीं देता और डरकर हिंदू वहाँ से पलायन कर रहे हैं। वेस्ट बंगाल, बिहार, तेलंगाना और केरल में कितने ही ऐसे ज़िले, मोहल्ले, ब्लॉक बनकर तैयार हैं और टिकिंग बंब की तरह फूटने के कगार पर हैं। शायद इस ख़तरे को भाँपते हुये मोदी सरकार ने सीएए और एनआरसी लागू करने का निर्णय लिया है लेकिन देखिए मुस्लिम समुदाय और छद्म हिंदू , राजनैतिक दल इसका कैसा विरोध कर रहें हैं। ममता ने तो यहाँ तक कह दिया मर जाऊँगी लेकिन सीएए एनआरसी बंगाल में लागू नहीं होने दूँगी। है भगवान वो भी चंद वोटों के लिए , देश तोड़ने के लिए। मेरा सुझाव है कि एक समुदाय द्वारा जनसंख्या के विष्फोटक जेहाद को रोकने के लिए सीएए और एनआरसी के अतिरिक्त जनसंख्या नियंत्रण क़ानून भी तुरंत लाना चाहिए और जो इसका पालन ना करें उनपर अधिक से अधिक जुर्माना और सजा का प्रावधान होना चाहिए। समान नागरिक संहिता द्मड्ड क़ानून जल्द पास कर लागू करना चाहिए।

यह भारत की बात है, भारतीयता की बात है, सनातन की बात है सौ करोड़ हिंदुओं के भविष्य की बात है। याद रखें अभी नहीं तो कभी नहीं। सत्ता लोलुप व्यभिचारी यदि गलती से भी सत्ता लौट में आये तो दस वर्ष के अच्छे कार्य को मिट्टी में मिलाकर फिर से अंधकार के कुएँ में धकेल देंगे।

देश के हिंदुओं को जातियों , चमड़ी के रंग और नैन नक़्श में बाँटने के पीछे भी यही मंशा दिखाई देती है। भारत को अंतरराष्ट्रीय साज़िश के तहत सशक्त विकसित राष्ट्र ना बनने का षड्यंत्र हो सकता है।

ख़तरे बहुत हैं हर भारतीय को सतर्क होने की जरूरत है चाहे वह हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई , बोद्ध, जैन , पारसी कोई भी हो सभी को पहले भारतीय की तरह सोचना होगा। चंद इस्लामिस्ट जो मेरे देश को अशांत देखना चाहते हैं, तुष्टिकरण कर जो सत्ता प्राप्त करना चाहते है उन सभी से सतर्क होने का यही सही समय है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# परशुराम जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ

**विदिशा ।** अक्षय तृतीया भगवान श्री परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण मैत्री की महिलाओं द्वारा स्थानीय जालोरी गार्डन में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं दो दिवसीय अक्षय मेला प्रारंभ हुआ ।

ब्राह्मण मैत्री की संयोजक श्रीमती रितु देवलिया ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जी के प्रकट्योत्सव उत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है जिसमें प्रथम दिवस की शुरुआत में प्रख्यात कथा वाचक श्री अंकित कृष्ण बटुक जी, डॉ कमल चतुर्वेदी, डॉक्टर उज्जवला शर्मा, डॉक्टर निर्मला तिवारी, सुषमा बिरथरे, ऊषा चौबे ने भगवान परशुराम जी की मूर्ति पर पूजन कर तथा 15 बटुकों ने स्वस्तिवाचन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की मैत्री ग्रुप की महिलाओं ने सरस्वती पूजन किया गया अतिथियों ने धर्म एवं सामाजिक रीतियों तथा वासुदेव कुटुंब काम की भावना को रखने पर विचार व्यक्त किया कार्यक्रम में 18 बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया एवं 12 बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा लगभग 15 बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया सभी प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया तथा उनको सर्टिफिकेट प्रदान किए गए भगवान की जयंती को सार्थक बनाने के उद्देश से आयोजन में शहर में जो कामकाजी महिलाएं हैं जो घर से साड़ी, सूट, ड्रेस मटेरियल, सौंदर्य प्रसाधन, खाने के समान केक, प्रेस्टी, बिस्कुट आदि आर्टिफिशियल ज्वेलरी, चिप्स, पापड़, मसाले एवं घरेलू उपयोग की विभिन्न सामानों सहित बैग,सीनरी आदि के स्टॉल कार्यक्रम में लगाए गए इसमें भी शहर के लोगों ने बढ़-चढ़कर रुचि दिखाई देव शाम तक मेले में खरीदारी चलती रही ।

# सरेआम चोरी करते आरोपी को पकड़ा

**विदिशा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के लालधाऊ पूरनपुरा के एक घर में दिन दहाड़े चोरी करने घुसे चोर को लोगों ने पकड़कर जमकर धुनाई लगा दी। रस्सी से बांधा और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। सिविल लाइन थाना टीआई शाहबाज खान ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी ने 6 तारीख को भी इसी घर में चोरी को अंजाम दिया था। कुछ नगदी और गैस सिलेंडर चोरी कर ले गया था। हालांकि उस वक्त किसी ने इस चोरी के बारे में शिकायत नहीं की तो वहीं गुरूवार को उक्त चोर द्वारा फिर से इस घर में चोरी करने की नियत से ताला तोड़ा, तभी घर मालिक और आस पड़ोस वालों ने उसे पकड़ लिया। रस्सी से बांधकर पुलिस के हवाले किया। बताया गया कि इस दौरान वहां मौजूद रहवासियों ने चोर की जमकर पिटाई भी लगाई है। टीआई ने बताया कि आरोपी शातिर चोर है, पहले भी पांच चोरी के अपराध उसे पर दर्ज हैं, हाल ही में वह जेल से छूटकर बाहर आया था।

# कोतवाली थाना के नजदीक युवक पर जानलेवा हमला

**विदिशा।** बुधवार की रात 10 बजे के लगभग कोतवाली थाने के नजदीक चार युवकों द्वारा बरईपुरा निवासी किशन रैकवार के साथ जमकर मारपीट की गई। साथ ही कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया और मौके से भाग खड़े हुए। पुलिस द्वारा तुरंत ही घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया तो वहीं इस मामले को लेकर पुलिस ने बयानों के आधार पर चार युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया। कोतवाली थाना टीआई मनोज दुबे ने बताया कि मारपीट के मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण जिले में नरवाई जलाने पर लगाई रोक

**छतरपुर।** जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी.आर. ने किसानों के हित को ध्यान रखते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी कर सम्पूर्ण जिला छतरपुर में गेहूं की फसल काटने के पश्चात् जो तने के अवशेष अर्थात् नरवाई को जलाने पर रोक पूर्णतः रोक लगाई है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

कुछ किसान गेंहू की फसल काटने के पश्चात् जो तने के अवशेष अर्थात नरवाई होती है, उसमें आग लगा कर उसे नष्ट कर रहे है जिसका कारण जहाँ उनकी भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त हो जाती है, जिससे भूमि में उपस्थित सूक्ष्म जीव एवं केंचुआ आदि जल कर नष्ट हो जाते है। इनके नष्ट होने से खेत की उर्वरक्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। भूमि की ऊपरी पर्त में उपलब्ध आवश्यक पोषक तत्व आग लगने के कारण जल कर नष्ट हो जाते हैं। भूमि की भौतिक दशा खराब हो जाती है, भूमि कठोर हो जाती है। जिसके कारण भूमि की जल धारण क्षमता कम हो जाती है और आगामी उपज कम होने की संभावना की रहती है। वहीं आसपास के किसानों के खेतों में खड़ी या कटाई पश्चात् रखी फसल के आग से जल जाने की संभावना के साथ नरवाई जलाने के दौरान हवा का तीव्र प्रवाह हो जाने के कारण आस पास के क्षेत्र में प्रदूषण फैलने सहित क्षेत्र में स्थाई या अस्थाई संपत्तियों को नुकसान होने के साथ-साथ जानमाल की क्षति होने की भी संभावना बनी रहती है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदेश का तहसीलदार, थाना प्रभारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगरपलिका अधिकारी को विभागीय संसाधनों के माध्यम से प्रचार प्रसार कराने के भी निर्देश दिए हैं।

# सुलभ शौचालय में पकड़ाई 6 पेटी बीयर , पुलिस कर रही जांच



बैतुल । चुनाव के दिन मुलताई के मासोद ग्राम पंचायत के तिराहे पर स्थित शासकीय सुलभ शौचालय से पुलिस ने 6 पेटी बीयर बरामद की है। यह बीयर की पेटियां गोवर्धन मायवाड़ की शिकायत पर पकड़ी गई है। बताया जा रहा है कि मासोद में बना सुलभ शौचालय नवनिर्मित है जिसमें ताले लगे हुए थे। कुछ लोगों ने इसमे बीयर और शराब की पेटी रख दी गोवर्धन मायावाड ने बताया कि कुछ ही समय पहले दो मोटरसाइकिल से तीन-तीन पेटी शराब कुछ लोगों द्वारा मोटरसाइकिल से इस सुलझ शौचालय के कमरे से ले गई है। मानना है कि यह शराब कहां से आई थी और क्यों यह पता लगाना पुलिस के लिए बहुत आसान है बीयर की बोतलों के बेच नंबर से बीयर का पता सकता है। किंतु पता लगा लेने के बाद भी शराब ठेकेदारों पर कार्रवाई हो पाएगी कहना कठिन है। बता दे की हाल ही में ग्राम गौला में मतदान दल की बस में लगी आग के कारण चार मतदान केंद्रों की ईवीएम मशीन जल गई थी जहां कल 10 मई को चुनाव होना है और जहां कल मतदान होना है वह क्षेत्र मुलताई विधानसभा के पट्टन ब्लाक के मासोद ग्राम पंचायत से लगे हुए मतदान केंद्र है। राजापुर, कुंदा रव्यत, चीचली माल इस स्थिति में यह मामला संवेदनशील हो जाता है और पुलिस को चाहिए कि वह गंभीरता से ले।

# दस वर्ष का पट्टा होने के बाद मत्स्य खेट से मना कर रहे थाना प्रभारी

## हाईकोर्ट का आदेश होने के बाद परेशान मत्स्य समिति ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

छतरपुर। सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ा बांध मछली पालन को लेकर इन दिनों विवादों में चल रहा है। तीन साल पहले मत्स्य विभाग और जिला पंचायत ने मत्स्य उद्योग सहकारी समिति मर्यादित बृजपुरा के नाम दस वर्ष के लिए मत्स्य पालन पट्टा आयुक्त सागर की अनुशंशा पर दिया था। तीन वर्ष से समिति बूढ़ा बांध में मत्स्य पालन का काम करती आ रही है। इसके बाद ग्राम बूढ़ा की समिति ने बृजपुरा समिति का राज्यमंत्री से पट्टा निरस्त करवा दिया था। जिसको लेकर बृजपुरा समिति के लोगों ने हाई कोर्ट का सहारा लिया और राज्यमंत्री के आदेश को निरस्त करवा दिया। हाई कोर्ट ने मत्स्य उद्योग सहकारी समिति मर्यादित बृजपुरा के पक्ष में फैसला सुनाया था। इसके बाद ग्राम बूढ़ा के दबंग मंगल पटैल और सुंदर पटैल ने विवाद करना शुरू कर दिया और समिति के लोगों के साथ मारपीट करते हुए बंधा पर बनी झुग्गी झोपडियों को जला दिया था। जिसकी शिकायत संबंधित थाना सिविल लाईन में की गई थी। इसके बाद बृजपुरा समिति ने मत्स्य शिकार करना शुरू किया तो थाना प्रभारी सिविल लाईन द्वारा समिति को लोगों को शिकार करने से मना कर रहे है। थाना प्रभारी से परेशान मत्स्य बृजपुरा समिति ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की है।





### क्या है पूरा मामला

मत्स्य उद्योग सहकारी समिति मर्यादित बृजपुरा की अध्यक्ष श्रीमति ममता रैकवार सभी सदस्यों के साथ गुरूवार को पुलिस अधीक्षक के यहां पहुंची। वहां उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मप्र मत्स्य पालन निति के अनुसार हमारी समिति को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा आयुक्त सागर की अनुशंशा पर जिला पंचायत छतरपुर व हमारी समिति के मध्य अनुबंध हुआ था। समिति के विरूद्ध ग्रामीण राज्य मंत्री ने 31 अगस्त 23 को उक्त पट्टा निरस्त कर दिया था। जिसके विरूद्ध समिति ने हाई कोर्ट जलबपुर में रिट पिटीशन क्रमांक 24986/2023 पेश की थी। जिसमें आदेश दिनांक 29 जनवरी 24 को राज्य मंत्री के आदेश को निरस्त कर दिया था। तथा हमारी समिति का 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा बहाल कर दिया था। जिसकी प्रति जिला पंचायत, कलेक्टर, मत्स्व विभाग सहित सिविल लाईन थाने में पेश की जा चुकी है। जबकि हाई कोर्ट का आदेश सिविल लाईन थाना प्रभारी मान्य नहीं कर रहे है और समिति को मत्स्य खेट के लिए मना कर रहे है। जबकि अनुबंध के अनुसार मत्स्य समिति को मत्स्य खेट करने का पूर्ण अधिकार है।

### दबंगों से परेशान मत्स्य समिति के सदस्य

मत्स्य उद्योग सहकारी समिति मर्यादित बृजपुरा की अध्यक्ष श्रीमति ममता रैकवार ने ज्ञापन देते हुए बताया कि ग्राम बूढ़ा के दबंग मंगल पटैल और सुंदर पटैल, रामस्वरूप अहिरवार, बबलू अहिरवार द्वारा बूढ़ा जलाशय पर अवैध कब्जे के लिए समिति द्वारा रखे चौकीदारों की झुग्गी झोपडियों को जला दिया गया था। जिसकी एफआईआर सिविल लाईन थाने में दर्ज है। दबंगों द्वारा जलाशय की अवैध मछली निकाली जा रही है। मना करने पर जान से मारने की धमकी एवं झूठे केस में फसाने की धमकी दी जा रही है। यह दबंग हमलोगों के साथ कभी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन से मत्स्य खेट में बांधा डाल रहे लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### मत्स्य खेट से मना कर रहे थाना प्रभारी

मत्स्य उद्योग सहकारी समिति मर्यादित बृजपुरा के लोगों ने बताया कि विगत दिनों पहले बंधा पर विवाद हुआ था। जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई जा चुकी थी। साथ ही समिति ने सभी दस्तावेजों को पेश किया था। इसके बाद भी थाना प्रभारी सिविल लाईन बाल्मीक चौबे ने 15 दिन के लिए मत्स्य खेट करने से मना किया था। 15 दिन बीत जाने के बाद जब बृजपुरा समिति मत्स्य खेट करने के लिए पहुंची तो सिविल लाईन थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और मत्स्य खेट करने से मना कर दिया। जबकि बूढा गांव के दबंग मंगल पटैल और सुन्दर पटैल अवैधानिक तरीके से मत्स्य खेट करने में लगे हुए है। जबकि इस बांध पर होने वाले मत्स्य खेट पर जिला पंचायत एवं मत्स्य विभाग को भाग लेना चाहिए। लेकिन थाना प्रभारी हम गरीब लोगों को बेवजह परेशान करने में लगे हुए है।

### इनका कहना है

मेरे पास बृजपुरा समिति के लोग आए थे। उनके आवेदन की जांच सीएसपी के लिए मार्ग कर दी गई है। विवाद की स्थिति को देखते हुए सिविल लाईन थाना प्रभारी गए होगे। जांच में जो भी सामने आयेगा उसी अनुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**अगम जैन**, एसपी, छतरपुर

मैं एक कार्यक्रम में वाहर हूॅ। लौटकर आने के बाद ही बूढा बांध के मामले को देख लूंगा। मेरे द्वारा विवाद की स्थिति को शांत कराया गया था। मत्स्य खेट करने के लिए मना नहीं किया गया है।

**बाल्मीक चौबे,** टीआई, सिविल लाईन, छतरपुर

# नगर वासी एवं ग्रामवासी विद्युत सुरक्षा की दृष्टि से सावधानियाँ बरतें

**औबेदुल्लागंज संवाददाता (सुरेश केवट)।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे गर्मी के मौसम में विद्युत संबंधी उपकरणों के प्रचालन में अतिरिक्त सावधानी बरतें। कंपनी ने कहा है कि अनावश्यक विद्युत लाइनों, उपकरणों एवं खंभों से छेड़खानी करना जान पर भारी पड़ सकता है, वहीं विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत ऐसा करना दण्डनीय अपराध है।



बिजली के उपकरणों, केबल से जरा-सी असावधानी या छेड़खानी करने से दुर्घटनाएं हो सकती हैं। ऐसी लाइनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है यदि ऑंधी तूफान या अन्य किसी कारण से नीचे आ गई हैं तो उन्हें अकस्मात् छूकर खतरा मोल न लें। यदि लाइन टूट गई है तो इसकी सूचना शीघ्र ही निकटस्थ बिजली कंपनी के अधिकारी को अथवा विद्युत कर्मचारी को दें। जब तक कोई नहीं आता है, तब तक वहां निगरानी रखें, ताकि अंजाने में कोई अन्य व्यक्ति टूटे तार को छुए नहीं।विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि नये घर बनाते समय विद्युत पारेषण अथवा वितरण लाइन से समुचित दूरी रखें। यह कानून की दृष्टि से भी आवश्यक है। उचित फासले के विषय में स्थानीय बिजली कंपनी के अधिकारी से सलाह जरूर लें ताकि सुरक्षा बनी रहे।

विशेष रूप से खेतों खलिहानों में ऊँची-ऊँची घास की गंजी, कटी फसल की ढेरियॉं, झोपड़ी, मकान अथवा तंबू आदि विद्युत लाइनों के नीचे अथवा अत्यंत समीप न बनायें। विद्युत लाइनों के नीचे से अनाज, भूसे आदि की ऊँची भरी हुई गाड़ियॉं न निकालें, इससे आग लगने एवं प्राण जाने का खतरा है। बिजली के तारों पर कपड़े आदि डालना दुर्घटना को निमंत्रण देना है। अपने खेत खलिहान पर या संपत्ति की सुरक्षा हेतु अवरोधक तारों (फेन्सिंग वायर्स) में विद्युत प्रवाहित न करें। यह कानूनी अपराध भी है। इस प्रकार अवैध तरीके से विद्युत का उपयोग करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। बिजली के खंभों या स्टे-वायर से जानवर आदि न बांधे और न ही इससे जानवरों को रगड़ने दें। इससे जनधन की हानि हो सकती है।

# जिले के बड़ामलहरा एवं बक्सवाहा ब्लॉक में पहुंच रहा नियमित पेयजल

**छतरपुर।** कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले के बड़ामलहरा के 199 ग्रामों एवं बक्सवाहा विकासखण्ड 60 ग्रामों में नियमित जल प्रदाय किया जा रहा है। नियमित पेयजल प्राप्त होने ने ग्रामवासियों को जल संकट से मुक्ति मिली है। कलेक्टर श्री जी.आर. द्वारा ग्रीष्म काल को देखते हुए ग्रामों में पानी की समस्या न हो, इसके लिए जिले के अन्य विकासखण्डों के ग्रामों में नल से जल पहुंचाने के लिए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए गए हैं।



जिले के प्रत्येक घर पर पीने के योग्य पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके अंतर्गत जिला छतरपुर में म.प्र. जल निगम मर्या. द्वारा शेष ब्लाकों में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है।

पेयजल प्रदाय करने हेतु सभी विकासखंड में अनवरत इंटेक वैल, पाईप लाईन बिछाना, टंकी निर्माण, जल शोधन संयंत्र, आदि कार्य तीव्रता से किया जा रहा है। जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं कलेक्टर श्री जी.आर. द्वारा समय-समय पर की जा रही है, साथ ही कलेक्टर के निर्देशन में परियोजना क्रियान्वयन इकाई छतरपुर के महाप्रबंधक द्वारा निरन्तर उक्त कार्य की गुणवत्ता व तीव्रता को लेकर निरन्तर निरीक्षण व मार्गदर्शन दिया जा रहा है। दिसम्बर 2024 तक छतरपुर जिले के सभी विकासखण्ड के प्रत्येक घर तक पेजयल प्रदाय करने का लक्ष्य लक्षित किया गया है।

# पेयजल समस्या से निजाद दिलाने और साफ पानी सप्लाई करने टंकियों में जमा सिल्ट की हो रही सफाई

सिवनी। 24 घंटे 30 दिन निरंतर बिजली देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार 10 से 12 घंटे बिजली कटौती कर रही है। जिसके कारण नगर में होने वाली सुआखेड़ा इंटकवेल, बंडोल फिल्टर प्लांट से होने वाली जलापूर्ति बार-बार कई दिनों से बाधित हो रही है। यही मुख्य कारण है कि नगर में पेयजल समस्या बनी हुई है। बिजली गुल होने के कारण बंडोल फिल्टर प्लांट में पानी कम हो गया है नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा रात-दिन प्रयास करके फिल्टर प्लांट में जमा सिल्ट को निकाला जा रहा है जिससे नगर के लोगो को साफ पानी मिल सकें। यही कारण है कि नगर में एक-दो दिन नलो में गंदा पानी आया है। भाजपा पार्षद दल के नेता पानी की समस्या को लेकर नगर पालिका के विरूद्ध आंदोलन करने की बात कर रहे है वह भी बहुत अच्छी तरह से जानते है कि नगर में पानी की समस्या बार-बार बिजली गुल होने के कारण हो रही है। यदि उनको आंदोलन करना ही है तो विधुत विभाग के खिलाफ करना चाहिये। 7 मई को हवा तेज चलने के कारण बबरिया फिल्टर प्लांट के पास विधुत पोल के गिर जाने के कारण विधुत लाईन बंद रही एवं गांधी भवन पम्प हाउस से नगर में टेंकरो के माध्यम से किये जाने वाली जलापूर्ति बिजली गुल होने के कारण बाधित रही। उक्ताशय की जानकारी नगरपालिका जलकर्म सभापति चंदनसिंह खताबिया द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी गई।

### जिला मुख्यालय में गड़बड़ाई पानी समस्या

**सिवनी।** एक सप्ताह हो गया है सिवनी शहर में बहुत ज्यादा गर्मी पड़ रही है और इसी समय आम जनता को पेयजल की अति आवश्यक जरूरत पड़ती है और इसी समय शहर की जनता को पीने का पानी मिलना चाहिए परंतु तीन दिन हो गए हैं शहर के कुछ हिस्सों में पेयजल की व्यवस्था गड़बड़ा गई है कहीं पर पानी मिल रहा है और कहीं पर पीने के पानी के लिए आम जनता तरस रही है। अतः भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने आम जनता की पेयजल की व्यवस्था नगर पालिका को करनी चाहिए नगर पालिका सिवनी द्वारा कहीं पर 15 मिनट पानी दिया जाता है कहीं पर 30 मिनट और कहीं पर पीने का पानी नहीं मिल पाता है जिससे आम लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है इसी तरह की पेयजल की समस्या जिंदल अस्पताल के पास भगत सिंह वार्ड में तीन दिनों से पीने का पानी प्राप्त नहीं हो रहा है इसलिए नगर पालिका के अधिकारियों से अनुरोध है कि तत्काल पीने के पानी की व्यवस्था की जावे।

# नाटक मंचन के साथ कार्यक्रम समापन

विदिशा । भगवान श्री परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण मैत्री की महिलाओं द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ विशेष रूप से महिलाओं द्वारा प्रस्तुत महिषासुर मर्दानी के नाट्य मंचन के साथ भव्य समापन हुआ। ब्राह्मण मैत्री की संयोजक ऋतु देवलिया ने बताया के कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भोपाल से पधारी विनीता त्रिवेदी , आशा अग्निहोत्री , डॉक्टर कमल चतुर्वेदी , नवनीत पांडे , जागृति अवस्थी , प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन तिवारी, कपिल शर्मा, नरेश शर्मा, अतुल तिवारी एवं सुजीत देवलिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर भगवान परशुराम जी एवं मां सरस्वती का पूजन किया शुभारंभ में अक्षय मेला में स्टॉल लगाने वाली समस्त महिलाओं का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया उसके पश्चात गायन प्रश्न गीत जिसमें 18 प्रतियोगियों ने भाग लिया जिसमें बच्चों सहित मैत्री मंडल की महिलाएं और अन्य समाज की महिलाएं भी प्रतियोगी थी इसके बाद दो ड्रामा प्रस्तुत किए गए जिसमें प्रथम में फेसबुक एवं मोबाइल के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया साथ ही दूसरे नाटक में सड़क दुर्घटनाओं के बारे में हेलमेट तथा अन्य सड़क सुरक्षा नियमों का पालन के बारे में जागरूकता का संदेश दिया गया इसके बाद धैर्य कटारे द्वारा बांसुरी वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई अंत में ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल की सदस्यों द्वारा बहुत ही प्रभावी नाट्य मंचन किया गया जिसमें माता के रूपों की सभी कृतियां बनाई गई और उन्होंने महिषासुर का वध जिस तरह से किया उसमें महिषासुर मर्दनी सभी रूपों में को एक करते हुए माता का विराट रूप बना इसमें नवदुर्गा के स्वरूप का दर्शन मंच पर प्रस्तुत गया किया गया इस पूरे नाटक को डॉक्टर कमल चतुर्वेदी के निर्देशन में किया गया विदिशा की आत्मनिर्भर महिलाओं के प्रोत्साहन हेतु मैत्री ग्रुप ने इस पूरे आयोजन में उन महिलाओं के स्टॉल लगवाएं जो शहर में विभिन्न प्रकार के व्यवसाय घरों से किया करती है स्टालों में प्रमुख रूप से आर्टिफिशियल ज्वेलरी, नमकीन, चिप्स मठरी, आदि के स्टॉल के साथ बेकरी आइटम बिस्कुट, केक, चॉकलेट, ब्राउनी वनीला आदि के स्टॉल साथ लेडीज सूट, चुन्नी, ब्लाउज, बेड शीट्स, गाउन, खाने पीने के आइटम जैसे नींबू पानी, चटपटी बेल, कोल्ड ड्रिंक, होम्योपैथिक के दवाइयां से लेकर सौंदर्य प्रसाधन साड़ी कोलू द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के तेल का स्टाल सहित बैग और हर्बल के आइटम जैसे उपटन, फेस पैक आदि विभिन्न ड्रेस मटेरियल के स्टॉल आयोजन में लगाए गए जिन महिलाओं ने स्टाल लगाए उनके वहां पर काफी बिक्री भी हुई और अपने आप में एक प्रोत्साहन के रूप में प्रचार भी हुआ । भगवान परशुराम जयंती को सार्थक बनाने के उद्देश्य से सभी बच्चों एवं महिलाओं मंच देना एवं अपने घरों से कार्य कर रही उन महिलाओं को उद्देश्य की उनको स्टॉल लगवा कर उनको प्रोत्साहित किया गया




# भगवान परशुराम समूचे हिंदू समाज के देवता है: पं. शास्त्री

### बागेश्वर धाम सरकार भगवान परशुराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की कलश यात्रा में हुए शामिल

**छतरपुर।** शहर के नारायणपुर रोड में स्थित सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण में भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। बीती शाम विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल हुए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान परशुराम न सिर्फ ब्राह्मण समाज के बल्कि समूचे हिंदू समाज के देवता है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण कोई जाति नहीं है बल्कि भारत की आत्मा का नाम है। महाराज श्री ने कहा कि हिंदू समाज के सभी साथी प्रत्येक गुरुवार एवं अमावस्या को भगवान परशुराम के दर्शन करने अवश्य आएं।

जानकारी के मुताबिक बीती शाम बस स्टैंड के पास स्थित भैरव बाबा मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकल गई। गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा बस स्टैंड से करीब 2 किलोमीटर दूर नारायणपुरा के पास स्थित सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण पहुंची। यहां एक मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर का उद्बोधन हुआ। बागेश्वर महाराज ने कहा कि ब्राह्मण हमेशा सबके सुखमय रहने की कामना करता है। उन्होंने समूचे हिंदू समाज को एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपसी में मनुष्यता को त्याग कर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना है उन्होंने यह भी कहा कि सब के भीतर चारों वर्ण होते हैं मुख ब्राह्मण, भुजाएं क्षत्रिय, उदर वैश्य और पैर शूद्र वर्ण है। समाज में कोई छोटा बड़ा नहीं है सभी समाज समान है। सबको मिलकर अपने देश को ऊंचाइयों तक ले जाना है। महाराज श्री ने कहा कि भगवान परशुराम उन साथ दिव्या विभूतियों में से एक है जो अजर अमर है । जिस तरह से हनुमान जी अजर अमर है इस तरह से भगवान परशुराम अजर अमर है। लोग सच्ची श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान परशुराम के दर्शन करेंगे तो उनकी मनोकामना पूर्ण होगी। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजन समिति ने महाराज श्री के साथ ही कलश यात्रा में शामिल सैकड़ो लोगों का आभार जताया और आग्रह किया कि अक्षय तृतीया को सुबह प्राण प्रतिष्ठा के पूजन कार्यक्रम और भंडारा में अधिक से अधिक लोग शामिल हो। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार अरविंद गिरी गोस्वामी ने किया।

भगवान परशुराम सबके है इसका उदाहरण यहीं से मिलता है। कमलेश सोनी ने भगवान परशुराम का मंदिर बनवाया और उनके द्वारा ही मूर्ति बनवाई गई है। सिद्धेश्वर मंदिर के पुजारी पं मदन मोहन द्विवेदी जी की प्रेरणा से श्री सोनी ने यह मंदिर बनवाया है। बताया जाता है कि श्री सोनी नियमित सिद्धेश्वर मंदिर आते हैं और सिद्ध बाबा के दर्शन करते हैं।




## जम्मू और कश्मीर में फ्री सर्टिफाइड सोना मसूरी पैडी (धान) सीड्स डिस्ट्रिब्यूशन इनिशिएटिव लॉन्च की

जम्मू, एजेंसी। सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने एक अग्रणी पहल की घोषणा की है जिसका उद्देश्य जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में सर्टिफाइड सोना मसूरी धान के बीजों के मुफ्त वितरण के द्वारा किसानों को सपोर्ट करना है, जो क्षेत्र में किसानों के बीच अपनी हाई क्वॉलिटी और उपज क्षमता के लिए जाने जाते हैं। सर्वेश्वर का लक्ष्य एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड चावल की किस्मों के बीज उपलब्ध करवाकर कृषक समुदाय को सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम के तहत सर्वेश्वर खरीद सुविधा केन्द्र में सोना मसूरी धान के सर्टिफाइड सीड्स का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। यह इनिशिएटिव स्थानीय कृषक समुदायों को मज़बूत बनाने और क्षेत्र में एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए सर्वेश्वर फूड्स के समर्पण को दर्शाती है।

जम्मू और कश्मीर में किसानों के सामने आने वाले इकनॉमिक चैलन्जेस के मद्देनजर, सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड के अध्यक्ष श्री रोहित गुप्ता ने एक कम्पैशनट इनिशिएटिव की घोषणा की है। एग्रीकल्चरल स्पेशलिस्ट टीम की देख-रेख में सर्वेश्वर ने निःशुल्क धान बीज वितरण का संकल्प लिया है। यह वितरण विशेष रूप से जम्मू के गैर-बासमती उत्पादक क्षेत्रों को टार्गेट करेगा। इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य राज्य में किसानों के कल्याण और हितों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें समर्थन देना है। सोना मसूरी चावल मध्यम अनाज वाले चावल की एक किस्म है जो मुख्य रूप से दक्षिणी भारत में उगाया जाता है। सोना मसूरी चावल के यूनिक फीचर्स में से एक इसकी फ्लेवर्स और स्पाइसेस को आसानी से एब्जॉर्ब (अवशोषित) करने की क्षमता है, जो इसे विभिन्न प्रकार के भारतीय व्यंजन तैयार करने के लिए एक आइडियल इनग्रेडिएंट बनाती है। इसके अतिरिक्त, चावल की अन्य किस्मों की तुलना में इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो इसे डायबिटीज (मधुमेह) वाले लोगों के लिए एक स्वस्थ विकल्प बनाता है। सोना मसूरी चावल, अपनी बढ़ती लोकप्रियता के कारण, अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में भी अपनी जगह बना रहा है, जिसका ज्यादातर निर्यात बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी वाले देशों में किया जाता है।

## एसरी इंडिया ने 10 लाख यूज़र्स का कीर्तिमान हासिल किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मेंजियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने आज घोषणा की कि उसने 10 लाख यूज़र्स का आंकड़ा हासिल कर लिया है। यह शानदार उपलब्धि इस देश में विविध उद्योगों में फैले व्यापक ग्राहक आधार के विश्वास एवं वफादारी काप्रमाण है। एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्रकुमार ने कहा, इस ऐतिहासिक उपलब्धि के जश्न के मौके पर मैं हमारे उन सभी यूज़र्स का हृदय से आभार प्रकट करना चाहूंगा जिन्होंने एसरी इंडिया को भारत में एसरी टेक्नोलॉजी का उपयोग करने वाले 10 लाख यूज़र्स का कीर्तिमान हासिल करने में मदद की है। यह बढ़ा हुआ यूज़र आधार इस तथ्य का प्रमाण है कि भारत सरकार के संगठन और उद्योग अपने अपने क्षेत्रों में जबरदस्त परिणाम हासिल करने के लिए जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजीज़ की संभावनाओं का व्यापक स्तर पर दोहन कर रहे हैं। वर्ष 2021 और 2022 में भारत सरकार द्वारा घोषित अनुकूल नीतियों के साथ जागरूकता बढ़ने से सरकार, अकादमिक संस्थानों और निजी क्षेत्र में यूज़र्स महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करने और ऐसे ऐप्लीकेशंस तैयार करने जिनका उपयोग संगठनों में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा सामूहिक रूप से किया जा सके, जीआईएस को अपना रहे हैं। हमारा लक्ष्य जियोस्पैटियल समुदाय के साथ निरंतर काम करना और यूज़र्स को प्रभावी जीआईएस कार्य प्रवाह के जरिए महत्तम लागत में उनके कार्य में समय की बचत करने में मदद करना है। इन बचतों का भारत की आर्थिक वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी।

## विंसॉल इंजीनियर्स लिमिटेड का आईपीओ बंद

मुंबई, एजेंसी। विंसॉल इंजीनियर्स लिमिटेड की शुरुआत पहले विंसॉल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जामनगर में हुई थी। बाद में 21 दिसंबर, 2023 को कंपनी का नाम बदलकर विंसॉल इंजीनियर्स लिमिटेड कर दिया गया। जामनगर स्थित विंसोल इंजीनियर्स लिमिटेड एक एकीकृत इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण और कमीशनिंग कंपनी है जो पवन और सौर ऊर्जा उत्पादन कंपनियों के लिए बैलेंस ऑफ प्लांट (बीओपी) समाधान प्रदान करती है। बीओपी सॉल्यूशंस के लिए कंपनी की मुख्य सेवाओं में नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग में अपने ग्राहकों के साथ फाउंडेशन कार्य, सबस्टेशन सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्य, राइट-ऑफ-वे सेवा, सबस्टेशन और ग्रिड केबलिंग और विविध कार्य शामिल हैं। विंसॉल इंजीनियर्स ने बीओपी समाधानों के लिए उनके समय पर प्रोजेक्ट पूरा करने, विशेषज्ञता और व्यवसाय और लागत दक्षता में व्यापक अनुभव के ऐतिहासिक रिकॉर्ड के कारण पर चुना है। अपने मुख्य बीओपी समाधानों के अलावा कंपनी संयंत्र प्रबंधन और निगरानी के लिए संचालन और रखरखाव सेवाएं भी प्रदान करती है। कंपनी को अपने प्रमोटरों श्री रमेश जीवाभाई पिंडारिया और श्री किशोर जीवाभाई पिंडारिया के व्यापक अनुभव से लाभ मिलता है, जो कंपनी से जुड़े हुए हैं।

## कोका-कोला ने जारी किए 2024 की पहली तिमाही के नतीजे

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में, कोका-कोला ने 2024 की पहली तिमाही के नतीजे घोषित किए। कोका-कोला ने उपभोक्ताओं और ग्राहकों के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने के लिए डिजिटल टूल का लाभ उठाना जारी रखा है। भारत में, रिटेलर्स ऐप के जरिए थोक ऑर्डर देने के लिए कोक बडी पर एआइ-पावर्ड सजेस्टेड ऑर्डर रिकमेंडेशन का फायदा उठा रहे हैं। कोक बडी ग्राहकों से जुड़ाव बनाने वाला एक प्लेटफॉर्म है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, कोका-कोला ने भारत में वृद्धि दर्ज की है। फिलीपींस, भारत, वियतनाम और इंडोनेशिया में हुई वृद्धि, चीन में हुई गिरावट से कहीं ज्यादा रही है। जनवरी और फरवरी 2024 में, कंपनी ने भारत के कुछ क्षेत्रों में बॉटलिंग का काम फिर से शुरू किया। कंपनी ने भारत में कुछ क्षेत्रों में बॉटलिंग कारोबार की रिफ्रेंचाइजिंग से संबंधित 29.3 करोड़ डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

**अक्षय तृतीया पर विशेष**

# बाल विवाह एक सामाजिक समस्या इसके निवारण में जन भागीदारी जरुरी

### बाल विवाह प्रमाणित होने पर 2 वर्ष का कारावास और एक लाख रुपए जुर्माना, देश भर में बाल विवाह पर नियंत्रण हो रहा है परन्तु बाल विवाह रुक नहीं रहे है

**जी. के. छिब्बर**

बाल विवाह पर रोक और नियत्रण लिए बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की धारा 16 में बाल विवाह निषेध अधिकारी का प्रावधान है जो वर्ष भर ऐसे बाल विवाह रोकने के लिए नियुक्त है फिर भी बालविवाह हो जाते हैं जो विचारणीय विषय है दी लेसेंट ग्लोबल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित लेख के अनुसार 1993 में बाल विवाह का प्रतिशत 49 प्रतिशत था जो अब घटकर 2 प्रतिशत रह गई है पश्चिम बंगाल , मणिपुर ,पंजाब ,गोवा और छत्तीस गढ़ में बाल विवाह बड़े है जिस पर गंभीरता से ध्यान देना होगा द्य

130 करोड भारत की जनसंख्या के अनुपात में भी 2 प्रतिशत बाल विवाह 2 करोड़ से अधिक होते है यह बड़ी संख्या है जो चिंता जनक स्थिति है जबकि राज्य सरकारों की बेटी बचाओ, धनलक्ष्मी, लाडली आदि जैसी अनेक योजनाएं हैं केंद्र सरकार भी विधेयक लाई है जिसमे विवाह की लड़का लड़की की उम्र 21,21 समान वर्ष करने जा रही है कानून तो बन जाते हैं परन्तु उनका निष्पादन प्रभावी नहीं होता है वैसे देखा जाए तो



बाल विवाह पर रोक और नियंत्रण केवल कानून की कठोरता से संभव नहीं हैं इसके लिए बृहद जागरूकता अभियान की आवश्यकता है एनजीओ एवम सिविल सोसाइटी इसमें प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं वैसे तो केंद्र का राष्ट्रीय बाल आयोग और राज्यो मे भर राज्य बाल आयोग स्थापित हैं बाल विवाह के उन्मूलन पर सक्रिय भूमिका निभा सकते है परंतु इनकी भूमिका उत्साहवर्धक नही है जबकि वर्ष भर जागरूकता अभियान और प्रचार प्रसार किया जा सकता है बाल विवाह भी जो हो रहे हैं उन पर भी अपराधिक अभियोजन की कार्यवाही नहीं हो रही है इसलिए कानून के डंडे का कोई भय नहीं है केवल अक्षय तृतीया पर सरकार सक्रीय दिखाएं देती है जिसमे केवल आंशिक सफलता मिलती है और औपचारिकता पूरी हो जाती है।

यूनिसेफ बाल विवाह को मानवाधिकार का उलंघन मानता है यह भारत ही नही विश्व की समस्या है। इसे सरकार के साथ मिलकर जनभागीदारी से ही समाप्त किया जा सकता है। मध्य प्रदेश सरकार ने2013 बाल विवाह के निवारण के लिए लाडो योजना लहू को थी जिसके अन्तर्गत रथयात्रा नुक्कड़ नाटक, होर्डिंग बैनर आदि से जागरूकता अभियान चलाया गया बाल विवाह न करने का शपथ अभियान भी चला जिससे बाल विवाह में भारी कमी आई है लेकिन बाल विवाह की समस्या अभी भी विद्यमान है

## मप्र में है भगवान परशुराम की जन्मस्थली, पहाड़ी से निकलती हैं साढ़े सात नदियां, जानें क्या है रहस्य

इंदौर। आज अक्षय तृतीया के पुण्य अवसर पर भगवान परशुराम ( Lord Parshuram ) का भी प्रकटोत्सव है। देशभर में यह पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है, पर क्या आपको पता है कि परशुराम जी की जन्मस्थली मध्यप्रदेश में है...। जी हां, परशुराम की जन्मस्थली इंदौर के करीब है। इस जगह को जानापाव के नाम से जाना जाता है।

महर्षि जमदग्नि की तपोभूमि और भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव इंदौर की महू तहसील के हासलपुर गांव में है। धार्मिक मान्यता है कि जानापाव में जन्म के बाद भगवान परशुराम शिक्षा के लिए कैलाश पर्वत पर चले गए थे। कैलाश पर ही शंकर जी ने उन्हें शस्त्र-शास्त्र का ज्ञान दिया।

**यमुना और नर्मदा में मिलती हैं नदियां**

माना जाता है कि जानापाव पहाड़ी से साढ़े सात नदियां निकलती हैं। इनमें कुछ यमुना तो कुछ आगे चलकर नर्मदा नदी में मिलती हैं। इन नदियों में चंबल, गंभीर, अंगरेड़ और सुमरिया नदी शामिल है। वहीं, साढ़े तीन नदियों में बिरम, चोरल, कारम और नेकेड़ेश्वरी का नाम शुमार है। आपको बता दें कि ये सभी नदियां करीब साढ़े सौ किलोमीटर बहकर आगे यमुना और नर्मदा में मिल जाती हैं।

**पांच भाई थे परशुराम जी**

जानापाव और आसपास के इलाके में कई कथाएं प्रचलित हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम के पिता भृगुवंशी ऋषि जमदग्नि और



मां रेणुका थीं। परशुराम जी पांच भाई थे, इनमें रुक्मवान, सुखेण, वसु, विश्वानस का नाम आता है।

**परशुराम ने काट दिया था मां का शीश**

एक कथा यह प्रचलित है कि एक बार परशुराम जी की मां रेणुका नदी किनारे गईं, तभी राजा चित्ररथ स्नान करने नदी पर पहुंचा था। राजा को देखकर रेणुका उस पर मोहित हो गईं। ऋषि ने योगबल से पत्नी के इस आचरण को जान लिया। उन्होंने अपने पुत्रों को मां का सिर काटने का आदेश दिया, लेकिन कोई तैयार नहीं हुआ। इस पर परशुराम ने मां का सिर काट दिया था।

तब पिता ने परशुराम को तीन वरदान दिए थे...

1. माता को फिर से जीवन देने और माता को मृत्यु की पूरी घटना याद न रहने का वर।

2. अपने चारों चेतना शून्य भाइयों की चेतना फिर से लौटाने का वरदान।

3. परशुराम जी ने चौथा वरदान अपने लिए मांगा, इसमें कहा कि उनकी किसी भी शत्रु से या युद्ध में पराजय न हो और उन्हें लंबी आयु मिले।

पिता ने परशुराम जी को तीनों वरदान दिए थे।

**गणेश जी का तोड़ दिया दांत**

ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार, एक बार परशुराम भगवान शिव के दर्शन करने के लिए कैलाश पर्वत पहुंचे। भगवान गणेश ने उन्हें शिवजी से मिलने नहीं दिया। इस बात से नाराज होकर उन्होंने अपने परशु से विघ्नहर्ता का एक दांत तोड़ा डाला। इस कारण से भगवान गणेश एकदंत कहे जाने लगे।

**ऋषि जमदग्नि ने की शिवलिंग की स्थापना**

जानापाव में ही प्राचीन शिव मंदिर है। माना जाता है कि जनकेश्वर शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा भगवान परशुराम के पिता महर्षि जमदग्नि ने त्रेतायुग में की थी। यहां के प्राचीन ब्रह्मकुंड के प्रति भी लोगों की गहरी आस्था है। मंदिर का 1960 में गुरु महाराज माधवानंद ने जीर्णोद्धार कराया था। उसके बाद 2008 में महंत बद्रीनंद की मांग पर शिवराज सिंह चौहान ने ब्रह्मकुंड का जीर्णोद्धार कराया था।

## आईडीबीआई बैंक ने लाभ में 55 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की

नई दिल्ली, एजेंसी। आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के लिए अपने त्रैमासिक परिणाम जारी किए। बैंक का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत साल-दर-साल बढ़कर अब तक के सबसे ऊँचे स्तर 5,634 करोड़ पर पहुँच गया और वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 12 प्रतिशत की तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि के साथ 1,628 करोड़ हो गया। बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 9,592 करोड़ रहा। एनआईएम 4.93 प्रतिशत दर्ज किया गया, और शुद्ध ब्याज आय साल-दर-साल 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,688 करोड़ रही। 2024 की चौथी तिमाही में जमा की लागत 4.48 प्रतिशत थी, जो 2023 की चौथी तिमाही में 3.71 प्रतिशत थी। सीआरएआर 182 बीपीएस की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 22.26 प्रतिशत रहा। संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) 2024 की चौथी तिमाही के लिए 39 बीपीएस से 1.82 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो 2023 की चौथी तिमाही के लिए 1.43 प्रतिशत था।

## हार्पिक और न्यूज18 के संयुक्त अभियान मिशन स्वच्छता और पानी ने 1400 दिनों में बदल दी लाखो लोगों की आदतें

नई दिल्ली, एजेंसी। स्वच्छ शौचालय पर चर्चा अब देशभर में आम बातचीत का हिस्सा बन गई है। आम व्यवहार में यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जो पहले अकल्पनीय जैसा था। हार्पिक और न्यूज 18 द्वारा संयुक्त रूप से शुरू मिशन स्वच्छता और पानी अभियान पिछले 1400 से अधिक दिनों से इस बदलाव का नेतृत्व कर रहा है। यह अपनी तरह का पहला जागरूकता अभियान है, जिसने देशभर में स्वच्छ शौचालय पर चर्चा की पहल की। इस चर्चा ने लाखों देशवासियों की आदतों को प्रभावित किया है और विभिन्न क्षेत्रों की सख्शीयतों को इसके साथ जोड़ा है।

## अनु कपूर और पार्थ समथान की आने वाली फिल्म हमारे बारह के पोस्टर का अनावरण, 7 जून को होगी रिलीज़

मुंबई, एजेंसी। बहुत प्रतीक्षित फिल्म हमारे बारह जिसमें अनुभवी अभिनेता अनु कपूर और टेलीविजन के लोकप्रिय अभिनेता पार्थ समथान मुख्य भूमिका में हैं, ने एक नया शीर्षक और आधिकारिक रिलीज़ की तारीख प्राप्त की है। पहले यह फिल्म हम दो हमारे बारह के नाम से जानी जाती थी, जिसे सेंसर बोर्ड के निर्देशानुसार अब हमारे बारह नाम दिया गया है। यह फिल्म 7 जून को बड़े पर्दे पर रिलीज़ होने वाली है। इस घोषणा को चिह्नित करने के लिए फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है, जो दर्शकों को फिल्म के बारे में एक झलक देता है।

हमारे बारह का निर्देशन कमल चंद्रा द्वारा किया गया है और इसका निर्माण राधिका जी फिल्म और न्यूटेक मीडिया एंटरटेनमेंट, रवि एस. गुप्ता, बिरेन्दर भगत, संजय नागपाल, और शिओ बालक सिंह ने किया है। फिल्म का सह-निर्माण त्रिलोकी प्रसाद ने किया है। इस फिल्म में अश्विनी कालसेकर, राहुल बग्गा , परितोष तिवारी, नवोदित अदिति भतपहरी और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

फिल्म के बारे में उत्साहित होकर, बहुमुखी अभिनेता अनु कपूर ने कहा, हमारे बारह पर काम करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। यह फिल्म कुछ जटिल और संवेदनशील विषयों पर आधारित है, और मुझे विश्वास है कि नया शीर्षक हमारी कहानी के साथ अधिक मेल खाता है। मैं दर्शकों को इस परियोजना का दिल और आत्मा अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं।




फिल्म के बारे में अधिक बात करते हुए, निर्माता रवि एस गुप्ता और बीरेंद्र भगत ने कहा, हमारे बारह का निर्माण करना एक विशेषाधिकार रहा है। इस कहानी को जीवंत करने के लिए सभी टीमों ने अथक परिश्रम किया है, और मैं इतनी सारी बाधाओं के बाद आखिरकार दर्शकों के साथ फिल्म साझा करने के लिए रोमांचित हूं। नया शीर्षक फिल्म के सार को दर्शाता है, और मुझे विश्वास है कि यह दर्शकों को पसंद आएगा। यह फिल्म हमारे देश की सबसे महत्वपूर्ण और गंभीर समस्या को उजागर करेगी और हमें उम्मीद है कि हमारी फिल्म दर्शकों के लिए एक आंख खोलने वाली फिल्म होगी।

फिल्म का पोस्टर अपेक्षित रिलीज़ के लिए माहौल सेट करता है, जो फिल्म की सौंदर्य और दिलचस्प कथा को दर्शाता है।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्रकारों के विभिन्न मुद्दों को लेकर पत्र देने का निर्णय लिया गया

एम पी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन भोपाल संभागीय पदाधिकारियों की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 9 मई 2024 को भोपाल संभाग के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई बैठक में विदिशा, भोपाल, रायसेन, सीहोर एवं राजगढ़ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल संभागीय अध्यक्ष रमेश जोशी ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेश बाथम, प्रांतीय समन्वयक राजेन्द्र सोनी, प्रांतीय सचिव माखन विजयवर्गीय एवं प्रांतीय अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा उपस्थित थे।

सीहोर जिले की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा शर्मा, रायसेन जिले से जिला अध्यक्ष जगदीश जोशी, महासचिव दिनेश चौरसिया, विदिशा जिले महासचिव दीपेश जैन, ओम प्रकाश चौरसिया, भोपाल इकाई के अध्यक्ष नितिन गुप्ता, भोपाल संभाग की उपाध्यक्ष श्रीमती राखी बाला सिंगारे , रायसेन से राधेश्याम साहू, भोपाल से ललित शारदा उपस्थित थे।

आज की बैठक में सभी पदाधिकारियों को एम पी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का सदस्यता अभियान चलाने का उल्लेख किया गया।

विदिशा जिला इकाई के महासचिव ने बताया कि जिस तरह भोपाल में जयप्रकाश



नारायण चिकित्सालय में पत्रकारों के लिए दो प्राईवेट वार्ड है उसी तरह वासोदा के शासकीय चिकित्सालय में एक वार्ड बनाने के लिए पत्र दिया गया है। दीपेश जैन ने कहा कि शीघ्र ही पूरे जिले में सदस्यता अभियान शुरू कर सदस्यता के बाद सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इसी तरह रायसेन, राजगढ़ के साथ ही भोपाल में भी सम्मेलन आयोजित करने के प्रस्ताव दिए गए जिन्हें प्रांतीय अध्यक्ष ने स्वीकृति दी,

सभी पदाधिकारियों का परिचय हुआ।

नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रांतीय अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा द्वारा दिए गए।

इस बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि एम पी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन में पहला पाठ अनुशासन, बड़ों का सम्मान, प्रांतीय कार्यालय से प्राप्त निर्देश का पालन, जिला इकाई की 3 माह में एक बैठक तथा वर्ष में एक जिला सम्मेलन जिससे यूनियन के सदस्य आपस में परिचित हों।

भोपाल के जयप्रकाश नारायण चिकित्सालय परिसर में पत्रकारों के लिए वने प्राईवेट वार्ड को देखने की जबावदारी प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री नरेश बाथम ने ली और शीघ्र ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात करने का कहा।

राजगढ़ से आए प्रांतीय सचिव माखन विजयवर्गीय ने कहा कि 15 मई तक पचोर में राजगढ़ जिले के पत्रकारों का सम्मेलन आयोजित किया जाने की स्वीकृति मांगी।

मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा छोटे समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं को 6 विज्ञापन जारी करने के लिए मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव से मुलाकात कर पत्र देना, मीडिया सेंटर के निर्माणं शीघ्र शुरू कराने, जनसंपर्क विभाग की विभिन्न समितियों में एम पी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के सदस्यों को नामित करना,

पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र बनाने और विधानसभा के आगामी सत्र में पारित करने संबंधित पत्र देना।

विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## लिम्का ने अपना नया रोमांचक कैम्पेन ट्रेवल विथ लिम्का लॉन्च किया




नई दिल्ली, एजेंसी। कोका-कोला इंडिया के घरेलू हेरिटेज ब्राण्ड लिम्का, भारत का पसंदीदा लेमनी फ्लेवर्ड ड्रिंक, ने अपना नया रोमांचक कैम्पेन ट्रेवल विथ लिम्का लॉन्च किया है। इस कैम्पेन में तृप्ति डिमरी को लिम्का गर्ल के तौर पर पेश किया गया है और इस पूरे कैम्पेन को इसआइडिया पर बनाया गया है कि एक नई दुनिया हमारे नजदीक ही हमारा इंतजार कर रही है। ट्रेवल विथ लिम्का कैम्पेन लोगों को अपने-अपने शहरों में नये-नये हॉटस्पॉट्स खोजने के लिये प्रोत्साहित करता है।

स्टूडियो एक्स द्वारा परिकल्पित यह कैम्पेन फिल्म दर्शकों को तृप्ति डिमरी के साथ एक शानदार सफर पर ले जाती है। तृप्ति एक बस में बैठकर शहर का खुशनुमा दौरा करती हैं। जब बस खड़खड़ाते हुए गलियों से गुजरती है, तब लिम्का का प्यास बुझाने वाला पहला घूंट ही तृप्ति को खुशी से भर देता है। वह रोमांचित हो जाती हैं और उनकी जिज्ञासा बढ़ने लगती है। लिम्का के तरोताजा करने वाले स्वाद से एनर्जी लेने के बाद, तृप्ति के सफर में एक रोमांचक मोड़ आता है और वह अपने शहर की आमतौर पर अनजानी, लेकिन प्यारी जगहें देखती हैं। हलचल से भरे बाजारों से लेकर स्ट्रीट स्नैक की शानदार दुकानों तक, उन्हें जबर्दस्त अनुभव मिलता है और वे उपभोक्ताओं को रिफ्रेशिंग लिम्का पीकर अपने शहर में घूमने की प्रेरणा देती हैं।

लिम्का फैमिली में शामिल होने पर अपना उत्साह दिखाते हुए, तृप्ति डिमरी ने कहा, ''मैं लिम्का से जुड़कर बहुत खुश और उत्साहित हूँ। नई-नई जगहें घूमना और विभिन्न संस्कृतियों का अनुभव करना हमेशा से मेरा जुनून रहा है। और दूसरों को भी ऐसा करने की प्रेरणा देकर मैं रोमांचित हूँ। लिम्का के साथ मिलकर, मैं खोज के इस रोमांचक सफर पर जाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूँ।''

रुचिरा भट्टाचार्य, सीनियर डायरेक्टर, मार्केटिंग- हाइड्रेशन, स्पोर्ट्स एण्ड टी कैटेगरी, इंडिया एण्ड साउथ-वेस्ट एशिया ऑपरेटिंग यूनिट, द कोका-कोला कंपनी ने कहा, ''लाइम एण्ड लेमनी जैसे विशेषणों की विरासत के साथ लिम्का 5 दशकों से अपने अनोखे स्वाद से उपभोक्ताओं को ताजगी दे रहा है। हम ट्रेवल विथ लिम्का कैम्पेन को लॉन्च कर बहुत उत्साहित हैं और तृप्ति डिमरी लिम्का का नया चेहरा बन गई हैं। इस कैम्पेन के साथ हमें उम्मीद है कि हम लोगों को बाहर निकलने और अपने शहरों की खूबसूरती के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित करेंगे और अपने सफर के दौरान वे एकदम ठंडी लिम्का से अपने गले की प्यास बुझा सकते हैं!''

## फोनपे ने अक्षय तृतीया 2024 के अवसर पर निश्चित कैशबैक ऑफर को पेश किया

मुंबई, एजेंसी। भारत के प्रमुख फिनटेक प्लेटफॉर्म फोनपे ने इस वर्ष अक्षय तृतीया के शुभ और पावन अवसर के लिए आज एक लाजवाब ऑफ़र की घोषणा की है। 10 मई 2024 को, यूज़र फोनपे ऐप पर न्यूनतम 1000 रुपए के ऑर्डर मूल्य पर 2000 रुपए तक का निश्चित कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। यह ख़ास ऑफ़र, जो विशेष रूप से फोनपे पर उपलब्ध होगा, केवल 24 कैरेट डिजिटल गोल्डकी एक बार की खरीद पर ही लागू है। इसके लिए यूज़र कई पेमेंट माध्यम जैसे पीआई, यूपीआई, लाइट क्रेडिट और डेबिट कार्ड, वॉलेट और गिफ्ट कार्ड के जरिए पेमेंट कर सकते हैं। इस त्योहार की खुशियों को बढ़ाने के लिए, फोनपे ने 12 मई तक कैरेटलेन स्टोर्स पर डिजिटल गोल्ड रिडीम करने के लिए एक खासऑफ़र दिया है। इस ऑफर की अनोखी बातें ये हैं: - सोने के सिक्के पर अतिरिक्त 2 प्रतिशत की छूट। अनस्टडेड ज्वेलरी पर अतिरिक्त 4 प्रतिशत की छूट। स्टडेड ज्वेलरी पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत की छूट। फोनपे, कैरेटलेन, सेफगोल्ड और एमएमटीसी-पीएएमपी से उच्चतम शुद्धता वाला सोना ऑफ़र करता है, जो डिजिटल गोल्ड व्यवस्था में कुछ अग्रणी और भरोसेमंद नाम हैं। हालाँकि फोनपे ऐप पर डिजिटल गोल्ड खरीदने के कई फायदे हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं:- ग्राहक फोनपे पर पार्टनर के ज़रिए ऑफ़र किए गए 99.99 प्रतिशत शुद्धता प्रमाणित 24के डिजिटल सोना खरीद सकते हैं। ग्राहक 247 अपने घर बैठे आराम से डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं। जब भी ग्राहक अपना स्टोर किया हुआ। सोना बेचेंगे, उसके 48 घंटे के अंदर पैसा उनके बैंक खाते में आ जाता है। इंश्योरेंस वाले बैंक ग्रेड लॉकर में स्टोरेज-डिजिटल रूप से खरीदे गए सर्टिफाइड 24च गोल्ड पर शून्य मेकिंग शुल्क होता है और इसे फ़्री बैंक-ग्रेड गोल्ड लॉकर में स्टोर किया जाता है। एक बार की खरीदारी के अलावा, फोनपे प्रत्येक भारतीय को एसआइपी के माध्यम से भी डिजिटल गोल्ड में निवेश करने की सुविधा देता है और ग्राहकों को व्यवस्थित रूप से लंबे समय तक निवेश करने में मदद करता है। भारत में अब तक 19,000+ पिन कोड के 1 करोड़ से अधिक ग्राहक फोनपे प्लेटफॉर्म पर पारदर्शी कीमतों पर उच्च शुद्धता वाला 24के गोल्ड खरीद चुके हैं, जो ब्रैंड में उनके निरंतर भरोसे को दर्शाता है।

# चुनाव आयोग से अनुमति लेकर बच्चों के ग्रीष्म कालीन खेल शिविर लगाएं



छिंदवाड़ा। मई के एक सप्ताह बीतने के बाद भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ नहीं हो पाया है शिविर प्रारंभ नहीं हो होने से बच्चे मायूस हैं। दरअसल प्रतिवर्ष संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देश पर जिला खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले के नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन शिविर 1 मई से प्रारंभ किया जाता है। शिविर में जिले के बच्चों को बैडमिंटन, कराते, ताईक्वांडों, कुश्ती, हॉकी, फुटवाल, बॉस्केटबाल, योगा, एथलेटिक्स सहित कई खेलों में निःशुल्क प्रशिक्षण देकर पारंगत किया जाता है। करीब एक माह प्रशिक्षण शिविर चलता है। शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को समापन पर प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। शिविर आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास करना भी है। लेकिन इस बार जिला खेल युवा कल्याण विभाग ने शिविर प्रारंभ नहीं किया है। जबकि बच्चों की गर्मी की छुट्‌टी लग चुकी है। बताया जाता है कि अधिकारियों ने आचार संहिता का हवाला देते हुए अभी तक शिविर आयोजित नहीं किया है। बताया जाता है कि प्रदेश के अन्य जिलों में शिविर प्रारंभ हो चुका है। वहीं पालकों का कहना है कि 10 जून के बाद स्कूल खुल जाएंगे आचार संहिता लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद हटेगी। इसके बाद शिविर आयोजित करने का कोई मतलब नहीं है। विभाग चाहे परमीशन के ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित कर सकता है।

### चुनाव आयोग में जाये

अधिकारियों को चाहिये कि वे चुनाव आयोग से अनुमति ले क्योकि छिंदवाड़ा में चुनाव हो चुके है। अधिकारी कोशिश करेंगेतो अनुमति मिल जायेगी।

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

### कांग्रेस सेवादल ने हिन्दू हृदय सम्राट की मनाई जयंती

**छिन्दवाड़ा।** कांग्रेस सेवादल ने हिन्दू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में सेवादल के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण सम्मिलित हुये। शहर के राजीव गांधी प्राइवेट बस स्टैण्ड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल पहुंचकर कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों ने वीर सपूत महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन किया। कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने वीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके द्वारा देश व समाज हित में दिये गये योगदान को याद किया। महाराणा प्रताप मेवाड़ के वीर योद्धा के साथ ही शौर्य, पराक्रम और साहस के लिये भी जाने जाते हैं। महाराणा प्रताप की अनंत कहानियां इतिहास के पन्नों पर अंकित है। महाराणा प्रताप और मुगलों के बीच कई युद्ध हुये और उन्होंने हमेशा ही मेवाड़ की रक्षा की। आयोजित जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने कहा कि देश की रक्षा के लिये घास की रोटी बनाकर खाई एवं जंगल में जमीन पर सोकर रातें बिताकर अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिये संघर्ष करते रहे। वीर योद्धा महाराणा प्रताप को शौर्य, पराक्रम और समर्पण के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। आज कांग्रेस सेवादल ने हिन्दू हृदय सम्राट वीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित कार्यक्रम में रमेश बेले, अखलेश पवार, रमाकांत सातकर, पवन सराठी, निजाम मंसूरी व राकेश नागोतिया सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गोपाल कृष्ण गोखले की मनाई जयंती

**छिन्दवाड़ा।** कांग्रेस सेवादल ने आज स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती मनाई। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद कर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज के वंचित वर्गों की राह आसान करने व उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य श्री गोपाल कृष्ण गोखले के द्वारा किया गया है। श्री गोखले जी को महान समाज सुधारक व शिक्षाविद के रूप में भी याद किया जाता है। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले के जीवन पर प्रकाश डाला।

## नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन समारोह 11 को

**छिन्दवाड़ा।** जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री प्रेमपालसिंह ठाकुर ने बताया कि 11 मई 2024 शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत के उद्घाटन समारोह का आयोजन प्रातः 10ः30 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश छिंदवाड़ा जितेन्द्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय छिंदवाड़ा में किया गया है। उन्होंने सर्वसंबंधितों से कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है।

## बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिले में सूचना तंत्र गठित

**छिन्दवाड़ा।** आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास छिंदवाड़ा द्वारा सूचना तंत्र का गठन किया गया है। इस सूचना तंत्र में ग्राम पंचायत के सरपंच अध्यक्ष बनाए गए हैं, जबकि ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत पंच, ग्राम/वार्ड के सक्रिय नागरिक, शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग की ए.एन.एम., आशा कार्यकर्ता, शौर्यादल की अध्यक्ष, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मातृ सहयोगिनी समिति अध्यक्ष और संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक को सदस्य बनाया गया है। इस सूचना तंत्र के अध्यक्ष एवं सदस्य ग्राम, शहरी वार्ड, विकासखंड, तहसील एवं जिला स्तर में बाल विवाह होने की सूचना अपने क्षेत्र के संबंधित बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को अवगत कराएंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत अलग-अलग स्तर पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी की नियुक्ति की गई है, जिसमें जिला स्तर पर जिला कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार तहसील स्तर पर राजस्व के अनुविभागीय अधिकारियों और ब्लॉक स्तर पर सभी सीईओ जनपद पंचायत ं बाल विकास को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## विद्युत प्रदाय वाले क्षेत्रों में आज विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**चौरई।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि चौरई संभाग के अंतर्गत 10 मई 2024 को 33 के.व्ही. लाईनों में मेंटेनेंस व रखरखाव का कार्य होने के कारण 33 के.व्ही. फीडर बेलखेड़ा एवं पांजरा-02 के उपकेन्द्रों से संबंधित सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि आज 10 मई 2024 शुक्रवार को प्रातः 7 से दोपहर 01 बजे तक 33 के.व्ही. लाईनों में मेंटेनेंस व रखरखाव का कार्य होने के कारण 33 के.व्ही.फीडर बेलखेडा एवं पांजरा-2 में मेंटनेंस व रखरखाव का कार्य किया जाना है जिससे संभाग के अंतर्गत 02 नम्बर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बेलखेड़ा एवं पांजरा से विद्युत प्रदाय वाले ग्राम जिसमें बेलखेडा, माचागोरा, चीचगांव, आमटा, उमरिया, सिहोरा, पांजरा, बाडीवाड़ा, राजलवाडी, झिरिया, केरिया, चिखली, टिघरा, नोनीकला, सिंगोडी, परसोली, पचगांव खुटिया, पटिया के साथ ही संबंधित अन्य ग्रामों में भी विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस मेन्टेनेंस कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

## युवक की निर्ममता पूर्वक मारपीट

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम जुंगा वाड़ा के थावड़ी बाबा टोला मैं जुंगावानी निवासी युवक की लगभग 8 से 10 व्यक्तियों ने घेराबंदी कर लात घुसा एवं पाइप से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।प्रकरण इस प्रकार बताया जाता है कि जुंगवानी निवासी प्रहलाद यादव पिता धनलाल यादव उम्र 25 साल ग्राम थावड़ी मैं निर्माण कार्य में सुपरवाइजरी के काम करता है वह कार्यस्थल पर मेढ़ के ऊपर बैठा था तभी वहां पर पुरानी रंजिश के चलते ग्राम पेटदेवरी निवासी साहिल चाचा मियां बिट्टू एवं अन्य चार पांच व्यक्ति आए और घेरा बंदी करके युवक प्रहलाद की ऊपर हमला कर दिया सभी ने मिलकर पाइप लात घुसो से जमकर मारपीट लघु लहान होते तक जमकर मारपीट किया लोगों ने बीच बचाव कर युवक को बचाया मारपीट करने बालों ने जाते हुए धमकी दिए कि आज बच गया तो फिर अकेला कहीं मिला तो जान से खत्म कर देंगे।

## 4 जून के बाद भाजपा संगठन में बदलाव एवं महापौर की स्थिति स्पष्ट होगी

गोविन्द चौरसिया



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम के महापौर विक्रम अहाके को भाजपा ने लाकर पूरे प्रदेश में वाही वाही लूटी किन्तु महापौर ने मतदान के दिन भावुक होकर कमलनाथ से मिले और नकुलनाथ के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

महापौर के आने-जाने से कितने मतों का फर्क पड़ा यह तो 4 जून को रिजल्ट आने के बाद ही पता चलेगा। पूर्व निगम में कांग्रेस का बहुमत था, कांग्रेस के 28 एवं भाजपा के 20 पार्षद थे। चुनाव के समय 13 कांग्रेस के पार्षदों ने पाला बदला, वे भाजपा में शामिल हो गये भाजपा के पास अब बहुमत है और अब 33 पार्षद हो गये। महापौर पर दबाव है कि वह मेयर ईन कौंसिल बदले, तो चार जून को कौंसिल बदल जायेगी, कांग्रेस से आये 13 पार्षद जिसमें कुछ दीपक सक्सेना के समर्थक एवं चौधरी चन्द्रभान सिंह के समर्थक है, इसके अलावा भाजपा के 20 पार्षदों में अधिकांश पार्षद चन्द्रभान गुट के है अतः चुनाव के बाद ही पता चलेगा। नगर निगम का अगस्त को 2 वर्ष पूरे हो रहे है बताया जाता है निगम के अध्यक्ष को बदलने अगस्त माह में ही प्रस्ताव लाया जावेगा। प्रस्ताव में अध्यक्ष का हटना तय है। नगर निगम की गतिविधियां का 4 जून के बाद रिजल्ट आने के बाद पता चलेगा कि क्या स्थिति बनती है।

कांग्रेस जीतती है या भाजपा जीतती है तो परिस्थितियां कुछ अलग होगी, कांग्रेस जीतती है तो उसे विपक्ष में ही बैठना है और भाजपा जीतती है तो छिंदवाड़ा के विकास के द्वार खुल जावेंगे, क्योकि भाजपा का जीतना ऐतिहासिक होगा। महापौर की स्थिति स्पष्ट नहीं है वह चुनाव परिणाम के बाद ही पता चलेगा। महापौर को भाजपा हटाती है, खाली कुर्सी भरी कुर्सी का चुनाव होगा और बाद में चुनाव होगा, भाजपा में गुटबाजी इतनी है कि नगर निगम का चुनाव करवाना आसान नहीं होगा। बताया जाता है कि गुटबाजी में महापौर कांग्रेस का जीता और भाजपा ने अपने प्रत्यशी को खुलकर हरवाया। 4 जून के बाद भाजपा संगठन में फेर बदल की चर्चा चल रही है। चुनाव के पहले अमित शाह को जिलों की गुटबाजी की खबर कैलाश विजय वर्गीय ने दे दी और वे कह गये चुनाव परिणाम कुछ भी हो किन्तु छिंदवाड़ा जिले का पूरा संगठन बदला जावेगा। 4 जून के बाद स्थितियां का पता चलेगा, प्रदेश में भाजपा की सीटे एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कोई आने से रोक नहीं सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही बनेंगे। देखना है कि छिंदवाड़ा जिले की क्या स्थिति होती है।

## सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत कलेक्टर ने लॉन्च किया ममत्व कार्ड

### महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति, विभागीय रिपोर्ट, दोनों विभागों के डेटा में सुधार, संस्थागत प्रसव, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर करने की दिशा में नवाचार करते हुए जिले में चलाए जा रहे सुरक्षित मातृत्व अभियान आदि की विस्तृत समीक्षा की गई और दोनों विभागों के अमले को बेहतर आपसी समन्वय स्थापित करते हुये और अधिक एक्टिव होकर कार्य करने और फील्ड में अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह द्वारा गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जिले में चलाए जा रहे सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत नवाचार करते हुए जिले के स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा तैयार ममत्व कार्ड लॉन्च किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत पार्थ जैसवाल, सहायक कलेक्टर सुश्री तनुश्री मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जी.सी.चौरसिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नरेश गुनाडे, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ.मोनिका बिसेन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.एल.एन.साहू, जिला टी.बी.अधिकारी डॉ.अर्चना कैथवास, जिला एस.एन.सी.यू.प्रभारी डॉ.अंशु लाम्बा सहित दोनों विभागों के जिला स्तरीय सभी अधिकारी, जिले के सभी विकासखंड के बी.एम.ओ., सभी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, सभी कम्युनिटी मोबिलाइजर, महिला बाल विकास के सभी परियोजना अधिकारी और अक्षिता फाउंडेशन के को-ऑर्डिनेटर उपस्थित थे।




### क्या है ममत्व कार्ड

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर करने के उद्देश्य से जिले की सभी गर्भवती महिलाओं की जाँच सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाकर जिले के सभी पी.एच.सी., सी.एच.सी. और जिला अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर्स द्वारा की जा रही है। सभी गर्भवती महिलाओं की समय पर जाँच और निगरानी के लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार ममत्व कार्ड बनाया गया है। यह कार्ड एम.सी.पी. कार्ड की तरह ही है, लेकिन उससे छोटा और आसान बनाया गया है। साथ ही संबंधित ए.एन.एम. का नाम और मोबाइल नंबर भी दर्ज रहेगा। गर्भवती महिला के लिए उपयुक्त पोषण आहार की जानकारी भी इसमें लिखी जा सकेगी और गर्भावस्था के दौरान भोजन, पानी और व्यायाम संबंधी सलाह भी लिखी गई है। इस ममत्व कार्ड में महिला की जाँच एवं आवश्यक लेब टेस्ट दर्ज किए जायेंगे एवं डॉक्टर द्वारा उपचार की जानकारी स्वयं दर्ज की जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार गर्भवती महिला की जाँच कर हाई रिस्क गर्भवती को चिन्हित कर पूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जायेगा। प्रत्येक गर्भवती महिला की पूर्ण जानकारी इस कार्ड मे दर्ज कर लगातार हाई रिस्क गर्भवती की मॉनिटरिंग की जाएंगी एवं शत-प्रतिशत सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कराया जायेगा।

## मतदान केन्द्र में लापरवाही पर पीठासीन अधिकारी निलंबित

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पांढुर्णा के मतदान केन्द्र क्रमांक 242-राजेन्द्र शासकीय प्राथमिक शाला भवन कक्ष क्रमांक-03 में पीठासीन अधिकारी के रूप में सहायक शिक्षक श्री नंदलाल यादव, मतदान अधिकारी क्रमांक-01 के रूप में प्राथमिक शिक्षक श्रीमती पुष्पा भादे और मतदान अधिकारी क्रमांक-02 के रूप में प्राथमिक शिक्षक श्रीमती असवनती धुर्वे की ड्यूटी लगाई गई थी। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16-छिंदवाड़ा के अंतर्गत 19 अप्रैल 2024 को मतदान संपन्न हुये, लेकिन निरंतर प्रशिक्षणों के दौरान अवगत कराने के बाद भी विधानसभा क्षेत्र पांढुर्णा के मतदान केन्द्र क्रमांक 242-राजेन्द्र शासकीय प्राथमिक शाला भवन कक्ष क्रमांक-03 में नियुक्त उपरोक्त पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों द्वारा मतदान केन्द्र पर मॉकपोल की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ईव्हीएम मशीन की सीआरसी नहीं कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने इस कृत्य के पीठासीन एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-01 और 02 के रूप में सौंपे गये महत्वपूर्ण दायित्वों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को प्रदर्शित करने के साथ-साथ म.प्र.सिविल सेवा आचरण नियम 1965 नियम 03 उपनियम (1) (एक) (दो) (तीन) एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आने पर तीनों शिक्षकों को म.प्र.सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 में दिये प्रावधानों के तहत लंबित कर दिया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला महिला का शव

### 4 वर्ष पहले किया था शादी, दोनों ने किया प्रेम विवाह



**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 चौरई रोड मैं संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला विवाहित महिला का शव जानकारी के अनुसार घटना इस प्रकार बताई जाती है की वार्ड क्रमांक 15 की रहने वाली मायापति गुड्डू वर्मा अपने घर में रहती थी बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात्रि में शव घर में फंसी में लटका मिला महिला के पति गुड्डू घर के बाहर था और जब घर में आकर देखा तो महिला फांसी पर लटकी थी उसने तत्काल रिश्तेदारों को और महिला के मायके पक्ष वालों को सूचित किया और पुलिस को सूचित किया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की और मर्ग कायम किया

### महिला के मायके पक्ष ने लगाया ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

इस पूरे घटनाक्रम के बाद मृतिका माया वर्मा के भाई श्री ओम वर्मा ने महिला के ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया है कि अन्य महिला को प्रताड़ित किया है और मारपीट कर हत्या करने के बाद फांसी पर लटका दिया फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है मौके पर उपनिरीक्षक राघवेंद्र उपाध्याय ने पहुंचकर जांच पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए भेजा आगे मामले की जांच की जा रही है

### कोर्ट मैरिज से हुई थीशादी

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला माया का विवाह ललितपुर में हुआ था लेकिन गुड्डू के साथ प्रेम विवाह 4 वर्ष पूर्व कोर्ट मैरिज हुई थी जिसके बाद दोनों साथ में रहते थे जबकि गुड्डू की यह दूसरी शादी थी उसकी पहली पत्नी के साथ उसका विवाद है और मामला भी चल रहा है

## अवैध गतिविधियों के विरोध में पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**परासिया।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय छिंदवाड़ा मे विधायक सोहनलाल बाल्मीक ने विधानसभा मे चल रही अवैध गतिविधियों के विरोध मे पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा एवं अवैध काले कामों को तत्काल कार्यवाही करने की बात कही क्योंकि अवैध काले धंधे चलने से क्षेत्र मे गम्भीर अपराध घटित होने की संभावना बनी रहती है पुलिस अधीक्षक ने कहाँ की हम अवैध कार्यो की रोकथाम के लिये पुलिस सक्रिय रूप से कार्य कर रही



है जहाँ भी अवैध कार्यो की सूचना मिलती है पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है ज्ञापन देते समय वरिष्ठ कांग्रेसी हरि वर्मा,ब्लाक कांग्रेस उमरेठ अध्यक्ष प्रमोद सुर्यवंशी,नगर पंचायत चांदामेटा अध्यक्ष गोविंद बजोलिया,नगर पंचायत बड़कुही अध्यक्ष भारत डेहरिया,नगर पंचायत न्यूटन अध्यक्ष श्रीमती अनूपमा हेमंत राय नगर कांग्रेस बड़कुही अध्यक्ष निसार खान,नगर कांग्रेस चांदामेटा अध्यक्ष सुशीला जायसवाल,नगर कांग्रेस न्यूटन अध्यक्ष संतलाल यादव,नगर पंचायत चांदामेटा उपाध्यक्ष अमजद खान,अकबर खान,राकेश शर्मा,माखन धुर्वे उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती



**अमरवाड़ा।** सेन समाज अध्यक्ष राजेंद्र राजू सराठे ने बताया कि जगतदेव मंदिर के हाल में सेन समाज के द्वारा सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की भव्य रुप से जयंती मनाई गई जिसमें सेन जी महाराज की आरती पूजन एवं हवन किया गया। एवं प्रसाद वितरण किया गया। समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा संबोधन दिया गया तत्पश्चात भोजन का कार्यक्रम हुआ। एवं फल का वितरण किया गया। जिसमे सेन समाज अमरवाड़ा के सभी लोगो ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठश्री पुरुषोत्तम सराठे जी नरेन्द्र सराठे जी ओम प्रकाशसराठे रमाकांत सराठे नरेश सराठे नरेश सराठे श्रीराम सराठे प्रदीप सराठे विनीत सराठे शरद सेन बिट्टू सराठे सुरेंद्र सराठे मुन्ना सराठे सत्येंद्र सराठे दिनेश सराठे करोड़ी लाल सराठे गोलू सराठे भीम बंदेवार प्रवीण सराठे सचिन सराठे सत्येंद्र सराठे सोनू सराठे एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए।

### जल संरक्षण श्रमदान एवं कार्यशाला शिविर...

## पहले में तामिया आता था तो गर्मी नहीं लगती थी आज गर्मी लग रही है:जैन

### जल को पैसे की तरह खर्च करें: तेकाम



**छिंदवाडा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशानुसार एवं विकासखंड समन्वयक तामिया राजू मांडवे के मार्गदर्शन में विकासखंड की ग्राम पंचायत बाकी में जल संरक्षण एवं श्रमदान के महत्व को लेकर पांच दिवसीय जल संरक्षण एवं श्रमदान शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रथम दिवस के आयोजन की संपूर्ण तैयारी ग्राम पंचायत बांकी के सरपंच श्री दुर्गा प्रसाद तेकाम, उपसरपंच वरकड़े जी ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाकी के अध्यक्ष संतलाल कुमरे, सचिव नेपाल कुमरे, तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आलीवाडा के अध्यक्ष आसाराम कवरेती व सचिव गुरुदयाल कावरेती द्वारा पूर्ण की गई इस पूरे शिविर के आयोजन की रूपरेखा नवांकुर संस्था उषा समाज कल्याण महिला एवं बाल विकास समिति तामिया के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र वासनिक एवं सेक्टर प्रभारी, परामर्शदाता व समाजसेवी सुभाष मिनोटे के नेतृत्व व देखरेख में तैयार की गई ।शिविर का शुभारंभ अतिथियों हस्ते दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की पूजा अर्चन कर किया स्वागत उपरांत उद्बोधन की कड़ी में परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि तामिया मेरी कर्मभूमि है और जब मैं 2015 में यहां आता था तो मई के माह में इतनी गर्मी बिल्कुल नहीं होती थी और आज यहां मैं आया हूं तो गर्मी बहुत तेज है यह सब जलवायु परिवर्तन के कारण हुआ है जिसका संबंध कहीं ना कहीं जल के संरक्षण और संवर्धन से बहुत गहरा है। यदि आज हमने जल का संरक्षण नहीं किया तो तृतीय विश्व युद्ध सिर्फ पानी के लिए ही होगा यह बात सिद्ध होगी। हमारे छोटे-छोटे प्रयासों से ही जल संरक्षण संबंधित कार्य को गति मिलेगी। सभी को निस्वार्थ भाव से पानी बचाने व उसके दुरुपयोग नहीं करने के प्रति लोगों को जागरूक होकर जल संरक्षण के अंतर्गत जल संरचनाएं तैयार करना, बांध, तलाव का गहरीकरण करना जरूरी है जिससे की वर्षा जल इन संरचना में रुके और पृथ्वी का जलस्तर बढ़ सके। इसी कड़ी में विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि जल ही जीवन है, जल है तो कल है जल नहीं है तो कुछ भी नहीं। इसके उपरांत शिविर में उपस्थित सभी सदस्यों ने ग्राम वासियों के साथ जल संरक्षण स्थल निरीक्षण हेतु प्रस्थान किया।

श्रमदान उपरांत सीएमसीएलडीपी छात्र मेंटर्स, नवांकुर, प्रस्फुटन समिति सदस्य व ग्रामीण जन शिविर स्थल पहुंचे इसके उपरांत स्वल्पाहार वह प्रथम दिवस किए गए श्रमदान का मूल्यांकन किया एवम सभी ने तालाब के गहरीकरण के लिए श्रमदान कर सहभागिता निभाई एवम गीत के माध्यम से जल बचाने सपथ ली।

## किसान भाई संतुलित उर्वरक एनपीके का करें उपयोग: पार्थ जैसवाल

### उर्वरकों का जिले में पर्याप्त भंडारण, किसान शीघ्रता से उठाव करे




**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में आज कृषि एवं कृषि संबद्ध विभागों के साथ उपार्जन समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जैसवाल द्वारा भुगतान की विस्तृत समीक्षा की गई तथा जिला विपणन अधिकारी को शत-प्रतिशत कृषकों की उपार्जित फसल का भुगतान कराने के लिये निर्देशित किया गया। बैठक में कृषि वैज्ञानिक, उप संचालक कृषि, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, महाप्रबंधक जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, उपायुक्त सहकारिता, जिला आपूर्ति अधिकारी सहित उद्यानिकी, वेयर हाउस, नागरिक आपूर्ति निगम व सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता के बारे में जानकारी दी कि 62035 मेट्रिक टन यूरिया, 7798 मेट्रिक टन डीएपी, 13173 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट, 4191 मेट्रिक टन पोटाश एवं 7298 मेट्रिक टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध है। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार किसानों को एनपीके उर्वरक जिसमें तीनों तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश की उपलब्धता है, के उठाव के लिये प्रेरित किया जा रहा है। वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर अधिकतम 3 बैग यूरिया प्रति एकड़ उपयोग किये जाने की बात कृषि वैज्ञानिकों द्वारा की गई। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार मैदानी स्तर पर किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के संदर्भ में 8 मई 2024 तक 1361 किसानों से 4244.55 मेट्रिक टन चना, मसूर एवं सरसों उपार्जित किये जाने की जानकारी दी। बैठक में नाडेप टांकों को तकनीकी रूप से भरवाने के संबंध में सभी अनुविभागीय कृषि अधिकारियों को जनपद पंचायत से प्राप्त सूची के अनुसार शत-प्रतिशत नाडेप के लिये संपर्क करने एवं तकनीकी रूप से भरवाने के निर्देश दिये गये।

# अवैधानिक रूप से प्लाट काटकर बेचने पर होगी सख्त कार्रवाई- कलेक्टर श्री कोचर

**दमोह।** कालोनी स्थापित करने के उद्देश्य से अपनी भूमि को भूखंडों में विभाजित करने के आरोप में लाड़न बाग के रानू पति प्रमोद दुबे एवम हिरदेपुर के दयाशंकर एवं कमल पर एफआईआर दर्ज

दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा अवैध कॉलोनाइजेशन चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र में हो या शहरी क्षेत्र में हो, इसको किसी भी स्थिति में



बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे प्रकरणों को चिन्हांकित करके उनके खिलाफ कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता है इसी क्रम में दो प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई है, जो ग्रामीण क्षेत्र की है। भविष्य में भी यदि और ऐसे प्रकरण आते है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। जब तक पूरी व्यवस्थाएं नियमों और अधिनियमों के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित न हो तो काम आगे नहीं होंगे । उन्होंने कहा सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए है की वे ऐसे प्रकरण में सख्त करवाई करें जहां पर बिना संपूर्ण प्रक्रिया के अवैधानिक रूप से प्लाट काटकर बेचने की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे अवैध कॉलोनी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए इस दिशा में हम लोग प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं।

एसडीएम आर एल बागरी ने बताया ग्राम लाड़न बाग में रानू पति प्रमोद दुबे एवं ग्राम हिरदेपुर में दयाशंकर एवं कमल द्वारा छोटे-छोटे टुकड़ों में कृषि भूमि को विखंडित कर लोगों को प्लाट के रूप में विक्रय कर दिया परंतु मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी बिजली सड़क पार्क नाली आदि की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई जिनके विरुद्ध न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दमोह में प्रकरण दर्ज कर मध्य प्रदेश पंचायती राज अधिनियम की धारा 61 घ के तहत आदेश पारित किया गया एवं कार्रवाई हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह को स्नढ्ढक्रदर्ज करने के निर्देश दिए गए उक्त आदेश के पालन में सचिव ग्राम पंचायत हिरदेपुर एवं लाड़न बाग द्वारा दमोह थाना देहात में संबंधित के विरुद्ध स्नढ्ढक्रदर्ज कराई गई।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा ग्राम बोतराई पथरिया स्थित गांववे एग्रो प्राइवेट लिमिटेड का किया गया औचक निरीक्षण



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन दमोह राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत माधवी बुधौलिया, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने ग्राम बोतराई पथरिया स्थित गांववे एग्रो प्राइवेट लिमिटेड का औचक निरीक्षण कर गांववे एग्रो ब्रांड टोमैटो सॉस एवं ग्रीन चिली अचार के नमूनें जांच हेतु लिए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। परिसर के निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री संचालक को पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट, फोस्टैक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट एवं कार्यरत कर्मचारियों का मेडिकल परीक्षण सर्टिफिकेट बनवाने के दिशा-निर्देश मौके पर दिए गए। मैजिक बॉक्स की सहायता से फैक्ट्री में टोमैटो सॉस एवं अचार के निर्माण में उपयोग में होने वाली खाद्य सामग्री.

# खेलते-खेलते आई गई मौत, गड्ढे में भरे बारिश के पानी में डूबकर दो मासूम सगे भाई

**कटनी।** खेलते-खेलते 2 मासूम बच्चे पानी से भरे गड्ढे में गिर गए, जिसमें डूबने से उनकी मौत हो गई है। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी रीठी पुलिस को देते हुए शव को गड्ढे से बाहर निकाला है। मध्यप्रदेश के कटनी जिले में 2 सगे भाइयों की बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबकर मौत हो गई। पूरी घटना तब हुई जब मां खाना बनाने के लिए लकड़ी बीनने पास के जंगल गई हुई थी। वहीं, पिता समान खरीदने बाजार गया था। इसी दौरान 3 वर्षीय मोहित शाह और करीब ढाई साल नोहित शाह खेलते-खेलते पानी से भरे गड्ढे में जा पहुंचे, जिसमें डूबने से उनकी मौत हो गई। माता पिता घर लौटे तो दोनों बच्चे उन्हें घर में नहीं मिली, इसके बाद उनकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान गांव के लोगों को बच्चों के पैर के निशान गड्ढे के पास मिले तो परिजनों ने गड्ढे में कूदकर उन्हें तलाश किया, जिसके बाद एक एक करके दोनों के शव बाहर निकाले गए। मामले की जानकारी रीठी पुलिस को दी गई। डीएसपी उमराव सिंह ने बताया कि रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डांग में आने वाले परेवागार टोला निवासी सलमान शाह के दोनों बच्चे पानी में डूब गए थे। उन्हें बाहर निकालकर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी लाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पीएम करवाया और परिजनों को सौंप दिया। एक ही गांव के 2 मासूमों की मौत से गांव में मातम छा गया है।

# एमपी नगर में कबाड़ की 07 दुकानों में लगी भीषण आग, दमकलकर्मियों ने दो घंटे में पाया काबू

**भोपाल।** एमपी नगर जोन-2 स्थित प्रगति पेट्रोल पंप के पीछे स्थित दुकानों में गुरुवार रात अचानक आग लग गई। इससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार एक के बाद एक कबाड़ की सात दुकानें आग की चपेट में आईं। दमकलकर्मियों ने लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की सूचना फायर कंट्रोल रूम को रात 12.30 बजे मिली। इसके बाद फतेहगढ़ और पुल बोगदा फायर स्टेशन से दमकलों को मौके पर रवाना किया गया। एक फायर फाइटर और दो टैंकरों की मदद से आग पर काबू किया गया। नगर निगम के फायर अफसर रामेश्वर नील ने बताया कि कबाड़ की दुकान में प्लास्टिक, नायलोन और कागज के जलने की वजह से आग तेजी से फैली। इसके चलते आग पर काबू करने में दमकल कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी।




भोपाल की पुरानी जेल में इवीएम मशीनों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये।

# घोड़ा पछाड़ डैम में नहाते समय तीन युवक डूबे

## दो की मौत, तीसरे की तलाश जारी

**भोपाल।** डैम में डूबने वाले तीनों युवकों के नाम अर्जुन मालवीय (20), नितिन नरवड़े (23) और संजय मेहर (26) बताए गए हैं। इनमें अर्जुन की तलाश डैम में की जा रही है।

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित घोड़ा पछाड़ डेम में दोस्तों के साथ नहाने पहुंचे तीन युवक गहरे पानी में जाने से डूब गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से डैम में युवकों की तलाश शुरू की। गोताखोरों ने दो युवकों के शव बाहर निकाल लिए, जबकि तीसरे युवक की तलाश की जा रही है। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे।

थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सेन के मुताबिक बागसेवनिया थानांतर्गत पिपलिया पेंदे खां में रहने वाले सात युवक गुरुवार दोपहर घोड़ा पछाड़ डैम पर पिकनिक मनाने पहुंचे थे। सारे दोस्तों ने यहां डैम के पास बैठकर खाना-पीना खाया और शाम करीब सा? पांच बजे नहाने के लिए डैम में उतर गए। इस दौरान गहरे पानी में जाने से तीन युवक डूब गए। साथी दोस्तों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से डैम में सर्चिंग शुरू की तो दो युवकों के शव बरामद हो गए, जबकि तीसरे की तलाश देर रात तक की जा रही थी। डैम में डूबने वाले तीनों युवकों के नाम अर्जुन मालवीय (20), नितिन नरव? (23) और संजय मेहर (26) बताए गए हैं। इनमें अर्जुन की तलाश डैम में की जा रही है। चार अन्य दोस्तों के नाम दुर्गेश गा?गे, अजय गा?गे, शुभम अहिरे और सुमित सांवले बताए गए हैं। सभी दोस्त एक ही इलाके के रहने वाले हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद उनके परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि अंधेरे के कारण रात को सर्चिंग बंद कर दी। शुक्रवार सुबह दोबारा सर्चिंग की जाएगी।

# बच्चे से वोट डलवाने पर भोपाल जिला पंचायत सदस्य पर केस दर्ज, बूथ की पोलिंग पार्टी सस्पेंड

**बैरसिया।** एसडीएम ने नाबालिग बच्चे से वोट डलवाने के मामले में भोपाल जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर पर एफआईआर दर्ज कराई है। बूथ के पीठासीन अधिकारी संदीप सैनी समेत पूरी पोलिंग पार्टी को सस्पेंड कर दिया गया है। मेहर ने खुद सोशल मीडिया पर बेटे के वोट डालने का वीडियो शेयर किया था।

भोपाल के जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर द्वारा नाबालिग बेटे से वोट डलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। मामले में कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। आयोग को भी शिकायत की गई। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैरसिया एसडीएम को जांच करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विनय मेहर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

बता दें कि मेहर ने बैरसिया विधानसभा के खितवास स्थित मतदान क्रमांक-71 में वोट डाला था। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि बैरसिया एसडीएम ने एफआईआर दर्ज कराई गई। इस मामले में पीठासीन अधिकारी संदीप सैनी समेत पूरी पोलिंग पार्टी को सस्पेंड कर दिया गया है।

# फर्जी निकली लूट की कहानी ईंटखेड़ी पुलिस ने 8 घंटे के भीतर किया 80 हजार की लूट का खुलासा

भोपाल में चाकू मारने वाले युवक को सबक सिखाने के लिए फरियादी ने लूट की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब पुलिस फरियादी के खिलाफ झूटी रिपोर्ट कराने का केस दर्ज करेगी।

भोपाल के ईंटखे?ी इलाके में बुधवार रात चाकू मारकर डंपर चालक के साथ हुई 80 हजार की लूट का पुलिस ने 8 घंटे के भीतर ही खुलासा कर दिया। जांच के दौरान पता चला कि चाकू मारने वाले अज्ञात युवक को सबक सिखाने के लिए फरियादी ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब पुलिस इस मामले में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रही है। वहीं चाकू मारने वाले आरोपी पर भी केस दर्ज किया जाएगा।

पुलिस के मुताबिक पीपल चौराहा करोंद कला निशातपुरा निवासी नरेंद्र मीणा (33) रेत और गिट्टी का डंपर चलाता है। बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने पांच अन्य साथियों के साथ लांबाखेढ़ा ब्रिज के पास साहूजी की बिल्डिंग के पास ख? होकर दिनभर में हुए कलेक्शन की रकम गिन रहा था। इसी बीच काले रंग की स्कूटर और दो अन्य मोटर सायकिलों पर कुछ छह ल?के आए। स्कूटर सवार दोनों ल?के उसके पास पहुंचे और चाकू मारकर 80 हजार रुपये लूटकर भाग निकले। घटना के दौरान मौके पर मौजूद उसके सभी साथी डर के कारण वहां से भाग निकले। आरोपियों के जाने के बाद साथियों ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। बाद में उसने देर रात थाने जाकर लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## आठ घंटे में हुआ फर्जी लूट की कहानी का खुलासा

थाना प्रभारी दुर्जन सिंह बरकड़े ने बताया कि फरियादी द्वारा बताई गई कहानी शुरू से ही पुलिस के गले नहीं उतर रही थी। मौके पर मौजूद किसी भी साथी द्वारा लूटपाट का विरोध नहीं करना, पुलिस को तत्काल सूचना नहीं देने समेत कई प्रकार के संदेह थे। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने और फरियादी तथा उसके साथियों से अलग-अलग हुई पूछताछ में लूट की फर्जी कहानी का खुलासा हो गया। जांच के दौरान पता चला कि स्कूटर सवार दो युवकों का एक्सीडेंट की बात को लेकर बाइक सवार युवकों के साथ विवाद हो गया था। फरियादी नरेंद्र मीणा बीच-बचाव करने पहुंचा तो स्कूटर सवार युवक ने उसके हाथ पर चाकू से हमला कर दिया। हमलावर को सबक सिखाने के लिए उसने लूट की कहानी पुलिस को बताई थी। अब पुलिस फरियादी के खिलाफ झूटी रिपोर्ट कराने का केस दर्ज करेगी

# आचार संहिता के बीच आबकारी विभाग ने 102 स्थानों पर दी दबिश, 40 लाख रुपये की शराब जब्त



**इंदौर।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। विगत तीन दिन में विभाग ने 102 स्थानों पर दबिश देकर 100 प्रकरण बनाये। इसमें छह लाख रुपये की अवैध शराब जब्त की गई। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, संग्रहण और विक्रय और नियम तोड़ने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में प्रभावी कार्रवाई के तहत लगातार शराब दुकानों, बार और होटल की जांच जारी है। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि विगत 6 से 8 मई के बीच जिले के विभिन्न वृत्तों में 102 छापे मारकर आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कुल 100 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए। इन प्रकरणों में 993 लीटर शराब और 3778 किलो महुआ लहान जब्त किया गया। जब?त सामग्री की कुल कीमत लगभग 6 लाख रुपये है।

### जब्त की लाखों की शराब

इंदौर जिले में 16 मार्च से आचार संहिता प्रभावी हुई थी। इसके बाद से आबकारी विभाग द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है। विभाग ने डेढ़ माह में करीब 14 हजार लीटर शराब जब्त की हैं। इसकी अनुमति कीमत 40 लाख के करीब हैं। वही विभाग द्वारा 45 हजार लीटर महुआ शराब भी जब्त की। जिसकी कीमत 45 लाख के करीब हैं। इस दौरान 30 दोपहिया और पांच चार पहिया वाहन भी अवैध शराब के परिवहन में लिप्त पाए जाने पर जब्त किए गए। इनकी कीमत 38 लाख रुपये के करीब है।

# देर रात किसानों के दो मकानों में लगी आग, गृहस्थी का सारा सामान जला

**खंडवा।** आग लगने से दोनों किसानों के घरों में रखा अनाज, जेवर, कपड़े, बर्तन समेत गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया है। यही नहीं, किसानों के घर की बांस और लक?ियों से बनी छत भी इस आग में जलकर पूरी तरह खत्म हो गई।

मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के खालवा ब्लॉक के वन ग्राम में गुरुवार देर रात एक मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने प?ौस के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों मकान धू धू कर जलने लगे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक आग में दोनों घरों में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

खंडवा जिले के खालवा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले वनग्राम गुलई में देर रात एक किसान के घर आग लग लगी, जिसने प?वा में रहने वाले दूसरे किसान के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते दोनों मकान आग की लपटों से खाक में बदल गए । फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग लगने से दोनों ही किसानों के घर में रखे हुए अनाज, जेवर, कपड़े, बर्तन समेत गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया है। यही नहीं, किसानों के घर की बांस और लक?ियों से बनी छत भी इस आग में जलकर पूरी तरह खत्म हो गई। देर तक आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए, अब नुकसान का आकलन भी किया जाएगा।

# कमीशन नहीं मिला तो युवक ने ट्रक कर लिया चोरी, लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**उज्जैन।** नीलगंगा टीआई विवेक कनोडिया ने बताया कि उनके यहां ट्रक चोरी की शिकायत होने पर प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने ट्रक चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि ट्रक थाने में खड़ा है। उज्जैन जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। अनुबंध पर ट्रक खरीदने के बाद उसे दूसरे को बेचने पर कमीशन नहीं मिला तो युवक ने ट्रक ही चोरी कर लिया। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर मक्सीरोड से ट्रक जब्त कर युवक को गिरफ्तार किया। जिसके बाद यह खुलासा हुआ।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि केशवनगर में रहने वाला रमजान पिता मोहम्मद सलीम ड्रायवर है और महानंदानगर में रहने वाले भानुप्रताप का ट्रक चलता है। बुधवार को उसने हरिफाटक ब्रिज के नीचे ट्रक खड़ा किया और घर चला गया। जब देर शाम ट्रक दिखाई नहीं दिया तो उसने ट्रक मालिक को सूचना दी। भानूप्रताप और ड्रायवर रमजान ने थाने पहुंचकर चोरी की सूचना देते हुए जीपीएस लगा होना बताया। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस की तो ट्रक मक्सीरोड की ओर जाना सामने आया। पुलिस की एक टीम तत्काल रवाना हुई और विक्रमनगर ब्रिज के आगे से ट्रक क्रमांक यूपी 92 टी 1880 को रुकवाकर उसे चला रहे युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी करना कबूल कर लिया। थाने लाकर पूछताछ करने पर उसका नाम आमिर खान निवासी बेगबाग होना सामने आया। उसका कहना था कि पूर्व में अनुबंध में ट्रक लिया था। जिसे बाद में दूसरे को बेचा गया, जिसमें उसे कमीशन मिलना था, लेकिन रुपये नहीं मिले। जिसके चलते उसने डुप्लीकेट चाबी से ट्रक को स्टार्ट कर चोरी कर लिया था।आमिर का कहना था कि ट्रक का कमीशन नहीं मिलने पर उसका अनुबंध करने वाले से विवाद हुआ था। जिसको लेकर शिकायती आवेदन महाकाल थाने में दिया गया था। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई। नीलगंगा टीआई विवेक कनोडिया ने बताया कि उनके यहां ट्रक चोरी की शिकायत होने पर प्रकरण दर्ज किया गया था। गिरफ्त में आये आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। ट्रक जब्त कर थाने पर खड़ा कर लिया गया है।

# भोपाल में कारोबारी के घर से निकला नोटों का पहाड़ , 13 मई को होनी है चौथे चरण की वोटिंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक शख्स के घर से भारी मात्रा में कैश बरामद किया गया है. भोपाल के पंत नगर कॉलोनी में कैलाश खत्री नाम के व्यक्ति के घर से नोटों की कई गड्डियाँ बरामद की गईं हैं.

वहीं भारी मात्रा में कैश मिलने के बाद पुलिस ने कहा है कि आरोपी शख्स मनी एक्सचेंज के कारोबार का दावा कर रहा है जिसकी जांच की जा रही है. बता दें कि लोकसभा चुनाव की वजह से मध्य प्रदेश में पुलिस कैश पैसों को लेकर जगह-जगह छापेमारी कर रही है.

मध्य प्रदेश के 29 लोकसभा सीटों में से तीन चरणों में 21 सीटों पर मतदान हो चुका है जबकि 13 मई को



चौथे चरण में बचे हुए 8 सीटों पर वोटिंग होगी जिसको लेकर पुलिस मुस्तैद है.

**पलंग में रखे थे नोट-** व्यापारी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह कटे-फटे नोट एक्सचेंज करने के बाद इन्हें पंजाब नेशनल बैंक में जमा करता आ रहा था। खराब या कटे-फटे नोट एक्सचेंज करने के ऐवज में वह कमीशन लिया करता था। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में नकद धनराशि बरामद की। पलंग के बाक्स में ये नोट रखे गए थे। इनमें नए नोटों के अलावा पुराने कटे-फटे नोट भी शामिल हैं। पुलिस को एक रुपए से लेकर पांच सौ रुपए तक के नोट की गड्डियां मिली हैं।

**वित्तीय संस्थानों से मांगी रिपोर्ट-** पुलिस ने नकद राशि गिनने के बाद दस्तावेज की जांच के लिए संबंधित वित्तीय संस्थानों से सूचना मांगी है। गुरुवार को कार्रवाई देर रात तक जारी रही। शुक्रवार को इस मामले में संबंधित वित्तीय संस्थाओं की रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा।

उठावना
हमारे बड़े भाईसाहब एवं
लव, कुश के पूज्य पिताजी,
निशांत, सिद्धांत, वेदांश के ताऊजी,
शारव के दादाजी
श्री गोविन्दजी मालू
(पूर्व उपाध्यक्ष खनिज विकास निगम,
पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं
प्रदेश प्रवक्ता भाजपा म.प्र.)
का देवलोकगमन 8 मई को हो गया है।



उठावनाः शुक्रवार, 10 मई 2024 को सायं 5 से 6 बजे तक
श्री बनवारीलाल जाजू सभागृह, छत्रीबाग इंदौर पर रखा गया है।
शोक बैठकः प्रतिदिन सायं 5 से 7 बजे तक निज निवास
"पूर्णोदय"175-179, ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी, पिपलियाहाना, इंदौर पर रहेगी।
शोकाकुलः हरि कुमार मालू, वासुदेव मालू
फर्म : मालू पैक्स • श्रीराम एजेंसी
होटल निरात श्री • माहेश्वरी गर्ल्स होस्टल, इंदौर

अष्टम पुण्य तिथि



स्व. श्री राजमल जी शर्मा (दाँतरे)
रिटायर्ड डीएसपी
बैकुण्ठवास :- 10.05.2016
आपके धर्म, कर्म, त्याग, स्नेह, सदव्यवहार एवं संस्कारों की ज्योति हमारे मन में सदैव प्रज्जवलित रहेगी। आपके आदर्श ही हमारी प्रेरणा हैं।
-:: श्रद्धावनत ::-
श्रीमती मनोरमा शर्मा (पत्नी)
इंजी. अजय- डॉ. रिचा दांतरे (पुत्र-पुत्रवधु), संजय दाँतरे (पुत्र)
प्रीति-कपिल मुदगल (पुत्री-दामाद) अमेय, रिषिका (पोता-पोती)
एवं समस्त दाँतरे परिवार, विदिशा- मो.9425148652